वर्ष 24, अंक 122, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   सोमवार 11 नवंबर 2025   विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दिल्ली में लालकिले के पास खड़ी कार में ब्लास्ट






## 'शरीर के अंग सड़क पर बिखरे थे, कार का स्टीयरिंग व्हील उड़ते देखा', चश्मदीद ने बयां किया दिल्ली ब्लास्ट का भयानक मंजर

## धमाके के बाद 3 गाड़ियों में लगी आग

**नई दिल्ली**
दिल्ली में लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका हुआ है, जिसके बाद पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई है. यह धमाका लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 पर हुआ. धमाके के बाद कार में भीषण आग लग गई और उसकी चपेट में तीन और गाड़ियां आ गई. दिल्ली पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है. बताया जा रहा है कि इस



धमाके में 1-2 लोग घायल हुए हैं, हालांकि पुलिस ने अभी तक इस पर बयान नहीं दिया है.
दिल्ली फायर डिपार्टमेंट ने बताया, "दमकल विभाग को लाल किले के पास धमाके जैसी आवाज की सूचना मिली है.
दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचे गई है. लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास एक कार में विस्फोट हुआ, जिससे आस-पास के तीन वाहनों में आग लग गई. स्थिति की जांच और आग पर काबू पाने के लिए टीमें भेजी गई हैं." दिल्ली पुलिस अब इसकी जांच में जुट गई है कि क्या गाड़ी के अंदर कोई विस्फोटक सामग्री थी या फिर इस धमाके के पीछे कुछ और ही वजह है. घटना के बाद दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच चुकी हैं. इलाके के डीसीपी भी घटनास्थल पर हैं. लाल किले के पास जहां ये धमाका हुआ है वह काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है. फिलहाल धमाके वाली जगह पर ट्रैफिक मूवमेंट बंद है।

## 'जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया'- मोदी

**देश** की राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इस विस्फोट में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है. उन्होंने कहा, "इस धमाके से प्रभावित लोगों की सहायता अधिकारी कर रहे हैं. गृह मंत्री अमित शाह अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की."


**दिल्ली, मुंबई में हाई अलर्ट**
शुरूआती जांच में दिल्ली पुलिस का कहना है कि पार्क की गई कार में यह ब्लास्ट हुआ है. पूरे एरिया को पुलिस की ओर से कॉर्डन ऑफ कर दिया गया है. साथ ही, सामान्य गाड़ियों की आवाजाही को रोक दिया गया है. इस घटना के बाद दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास खड़ी कार में हुए ब्लास्ट से अभी तक 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है तो कई अन्य घायल हैं.



**यूपी में पेट्रोलिंग और चेकिंग बढ़ाई गई**
लाल किला के पास हुए धमाके के बाद मुंबई पुलिस भी एहतियाती कदम उठा रही है. कई इलाकों में पेट्रोलिंग और चेकिंग बढ़ा दी गई है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं. सीएम योगी ने राज्य के सभी प्रमुख स्थलों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में कड़ी निगरानी रखने के आदेश दिए हैं.
धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज पूरे इलाके में गूंज उठी और लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए. आसपास के सभी उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा सके।

## खून से तिलक करो गोलियों से आरती

**जम्मू-कश्मीर**
**जम्मू-कश्मीर** के डोडा ज़िले के एक सरकारी स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों द्वारा ह्लखून से तिलक करो, गोलियों से आरतीह्व जैसे आक्रामक गीत गाए जाने के वीडियो ने पूरे प्रशासन को हिला कर रख दिया है। वायरल वीडियो में एक शिक्षक प्रार्थना सभा का संचालन करते हुए दिखाई दे रहा है, जबकि छह-सात साल के बच्चे यह गीत सामूहिक रूप से गा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो फैलते ही शिक्षा विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया और तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही, जांच पूरी होने तक संबंधित



शिक्षक का वेतन रोके जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।
हम आपको बता दें कि यह कार्रवाई स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राजा शकील की शिकायत पर की गई, जिन्होंने आरोप लगाया कि छोटे बच्चों को ह्लकट्टरपंथी और हिंसक विचारधाराह्व से भरे गीत सिखाए जा रहे हैं। इसके बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ डोडा), इकबाल हुसैन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है ।

## 'भारत में नया जिन्ना पैदा नहीं होना चाहिए'- योगी

**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राष्ट्रीय एकता और भारत के संस्थापकों के प्रति सम्मान का आह्वान किया और समाज में फूट डालने की कोशिश कर रही विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ चेतावनी दी। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'एकता यात्रा' के दौरान गोरखपुर में बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में कोई नया जिन्ना कभी पैदा नहीं होना चाहिए और अगर कोई उनके नक्शेकदम पर चलने की हिम्मत करता है, तो उसे खतरा पैदा करने से पहले ही रोक दिया जाना



चाहिए।
योगी ने राष्ट्रीय नायकों का सम्मान न करने वालों की आलोचना करते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को लोग सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने वाले कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते, लेकिन शर्मनाक रूप से जिन्ना के सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि अगर हमारे नायकों का सम्मान नहीं किया गया, तो हमारे देश का क्या होगा? स्कूलों में 'वंदे मातरम' अनिवार्य होगा। आदित्यनाथ ने यह भी घोषणा की कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाना अनिवार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर स्कूल और कॉलेज को गर्व और कृतज्ञता की भावना के साथ वंदे मातरम का पाठ और गायन करना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि युवाओं में देशभक्ति और एकता का पोषण करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से भारत की अखंडता और सद्भाव को कमजोर करने वालों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "हमें उन कारकों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना चाहिए ।


## गैस चैंबर बनी दिल्ली



**नई दिल्ली**
**हर** बार सर्दियों के मौसम में दिल्ली और उत्तर भारत के आसमान में जहरीली चादर बिछने वाला दृश्य छा जाता है। इस साल भी दिल्ली गैस चैंबर बन चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार, यहाँ सांस लेना एक दिन में 20झ्र25 सिगरेट पीने के बराबर है। देखा जाये तो यह महज पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा है। यह एक ऐसी त्रासदी है जो हमारे फेफड़ों, दिल और आने वाली पीढ़ियों की नसों तक में उतर चुकी है। एक दिन पहले इंडिया गेट पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर साफ हवा की मांग की। बाजारों में एयर प्यूरिफायर की बाढ़ आ चुकी है लेकिन प्रदूषण इतना है कि लोग अपने एयर प्यूरिफायर की जाली में भी धूल जमने के वीडियो साझा कर रहे हैं। यानि एयर प्यूरिफायर भी सांस लेने के लिए हाफ रहे हैं। उधर, दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार कह रही है कि वह हर प्रयास कर रही है ताकि प्रदूषण को कम से कम किया जा सके। वहीं दिल्ली नगर निगम ने इस बार एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर और सख़्त दंड की घोषणाएँ की हैं। पार्किंग शुल्क दोगुना करने से लेकर निर्माण-स्थलों पर निगरानी बढ़ाने तक कई उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन इस सबके बावजूद हवा उतनी ही जहरीली बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह सिर्फ़.मौसमी दिखावा है या वास्तव में सरकार के पास कोई दीर्घकालिक योजना भी है? दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि यह सब पिछली सरकार की गलतियों का नतीजा है। इस तरह सरकारें और एजेंसियाँ जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रही हैं। वहीं, दिल्ली के नागरिक अब भी खुले में कचरा जलते दिखते हैं, बिना ढके निर्माण स्थल और सड़कों पर धूल उड़ाते ट्रक रोज की हकीकत हैं। किसान पराली जला रहे हैं, उद्योग उत्सर्जन बढ़ा रहे हैं, वाहन सड़कों पर भरे पड़े हैं। लेकिन इस ह्लसाझी गलतीह्व का नतीजा अकेले जनता भुगत रही है। दमघोंटू हवा, जलती आंखें और बच्चों की कमजोर होती सांसें बड़ी मुश्किल स्थिति पैदा करते जा रहे हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में वियना से दिल्ली की उड़ान का दृश्य इस विभाजन को उजागर करता है।

## NDA-महागठबंधन का सियासी संग्राम, दिग्गजों की साख दांव पर

**बिहार**
**बिहार** चुनाव 2025 के दूसरे चरण के लिए रविवार को प्रचार समाप्त होने के बाद, सभी की निगाहें मंगलवार पर टिकी हैं, जब 20 जिलों के 122 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। लगभग 3.7 करोड़ मतदाता, जिनमें लगभग 1.95 करोड़ पुरुष और 1.74 करोड़ महिलाएं हैं, मतदान के पात्र हैं। दूसरे चरण में 136 महिलाओं सहित 1,302 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने 45,399 मतदान केंद्र बनाए हैं और हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है। इसने पूरे राज्य में सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 500 से अधिक कंपनियों को तैनात किया है।
दूसरे चरण में जिन जिलों में मतदान होना है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल हैं, ये सभी नेपाल की सीमा से सटे हुए जिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी चुनाव ड्यूटी में तैनात किए गए हैं। अधिकतर जिले सीमांचल क्षेत्र में आते हैं, जहां मुस्लिम आबादी का घनत्व अधिक है। ऐसे में यह चरण सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। एक ओर महागठबंधन अल्पसंख्यक समुदाय के समर्थन पर भरोसा कर रहा है, वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विपक्ष पर ह्लघुसपैठियों की रक्षाह्व का आरोप लगा रहा है। प्रमुख उम्मीदवारों में जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता और राज्य मंत्रिमंडल के



सबसे वरिष्ठ सदस्य बिजेंद्र प्रसाद यादव शामिल हैं, जो सुपौल सीट से लगातार आठवीं बार जीत दर्ज करने का प्रयास कर रहे हैं।
भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री प्रेम कुमार भी गया टाउन सीट से लगातार आठवीं बार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने 1990 से लगातार सात बार इस सीट पर जीत हासिल की है। इसके अलावा भाजपा की रेनू देवी (बेतिया), नीरेज कुमार सिंह ह्यबबलूह्ण (छातापुर) और जद (यू) की लेशी सिंह (धमदहा), शीला मंडल (फुलपरास) तथा जामा खान (चैनपुर) की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। भाजपा के एक अन्य प्रमुख नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद कटिहार सीट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। कटिहार जिले की बलरामपुर और कदवा सीटों से क्रमशः भाकपा (माले) लिबरेशन के महबूब आलम और कांग्रेस के शकील अहमद खान लगातार तीसरी जीत के प्रयास में हैं। दूसरे चरण का चुनाव राजग के दो सहयोगी दलों—हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो)—की ताकत की भी परीक्षा माना जा रहा है। दोनों दलों को छह-छह सीटें मिली हैं।
हम की सभी छह सीटों पर इसी चरण में मतदान होना है। इनमें इमामगंज, बाराचट्टी, टेकारी और सिकंदरा सीटें पार्टी के पास हैं और मौजूदा विधायक फिर से मैदान में हैं।

## मेरा गला काट दो पर मतदाता न हटाओ- ममता

**पश्चिम बंगाल**
**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की माँग की है और इसे सुपर इमरजेंसी बताया है। उत्तर बंगाल में एक प्रशासनिक बैठक में बोलते हुए, ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर चुनाव अधिकारियों को व्यस्त रखने का आरोप लगाया ताकि सरकार अगले तीन महीनों तक ठीक से काम न कर सके। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी जानी चाहिए।




ममता बनर्जी ने कहा कि यह लोगों को बदनाम करने की जानबूझकर की गई कोशिश है! इतने लोग मारे गए, चुनाव आयोग ने एक भी शोक संदेश नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, "आप मुझे जेल भेज सकते हैं या मेरा गला काट सकते हैं, लेकिन एक भी असली मतदाता का नाम मत काटो। बनर्जी ने चुनाव से पहले एसआईआर कराने की जरूरत पर संदेह जताया और इसे "वोटबंदी" की कवायद बताया। उन्होंने भारत की सुरक्षा स्थिति और कथित घुसपैठ को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी हमला बोला और कहा कि आंतरिक सुरक्षा, सीआरपीएफ और बीएसएफ उनके अधीन आते हैं और उनके इस्तीफे की मांग की।
मुख्यमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की भी आलोचना की और इसे एक बड़ी भूल बताया जिसे वापस लिया जाना चाहिए। पिछले हफ़्ते, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया और जोर देकर कहा कि अगर "एक भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूट गया" तो केंद्र की भाजपा सरकार का गिरना तय है। उन्होंने सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर भाजपा का राजनीतिक हथियार होने का आरोप लगाया और कहा कि यह संशोधन अभियान चुनिंदा और दुर्भावनापूर्ण इरादे से चलाया जा रहा है। उन्होंने एसआईआर को विवादास्पद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से जोड़ते हुए कहा कि यह वैध मतदाताओं को डराने और उनके मताधिकार से वंचित करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है।

## बिहार के लिए रोडमैप कहाँ, क्या वेब सीरीज देख रहे हैं?- तेजस्वी यादव

**बिहार**
**राजद** नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और उन पर बिहार में भ्रष्टाचार की अनदेखी करने और राज्य के विकास के लिए कोई स्पष्ट रोडमैप पेश करने में विफल रहने का आरोप लगाया। राजद नेता तेजस्वी यादव, जो महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भी हैं, ने प्रधानमंत्री मोदी पर तब तंज कसा जब उन्होंने कैमूर में अपनी चुनावी रैली के दौरान एक आपत्तिजनक गाने का हवाला देते




हुए राजद पर निशाना साधा था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इतनी सारी बैठकें की हैं, उन्हें कम से कम हमें यह रोडमैप तो देना चाहिए कि वह अगले पांच सालों में बिहार को कैसे आगे ले जाएंगे। अब वह तरह-तरह के गाने गा रहे हैं। वह कौन सी वेब सीरीज देख रहे हैं? प्रधानमंत्री के पास कितना खाली समय है। प्रधानमंत्री पर अपने हमले तेज करते हुए राजद नेता ने कहा, "तेजस्वी यहाँ नौकरियाँ बाँटते हैं। प्रधानमंत्री को सम्राट चौधरी, दिलीप जायसवाल, मंगल पांडे का भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी नहीं दिखी।
क्या प्रधानमंत्री ने इन लोगों से कोई सवाल पूछा? इन लोगों से कोई सवाल नहीं करता। प्रधानमंत्री ने बिहार के कुख्यात अपराधियों के साथ मंच साझा किया।

# एसीपी बारा कुंजलता ने मां मसूरिया धाम मेले का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

**लालापुर थाना प्रभारी अनुभव सिंह के नेतृत्व में मुस्तैद रही पुलिस, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात भारी फोर्स**

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** थाना लालापुर क्षेत्र के अमिलिया तरहार मां मसूरिया धाम में चल रहे विशाल वार्षिक मेले का सोमवार को एसीपी बारा कुंजलता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ थाना प्रभारी अनुभव सिंह समेत पुलिस बल भी मौजूद थे। एसीपी कुंजलता ने मेले के मुख्य द्वार, भीड़-भाड़ वाले इलाकों, पार्किंग जोन, प्रसाद वितरण स्थल और अस्थाई पुलिस चौकी का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थाना प्रभारी अनुभव सिंह ने बताया कि मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। मेले के विभिन्न हिस्सों में लगातार गश्त की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालु दूर-दूर से माता मसूरिया धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, रौशनी और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एसीपी कुंजलता ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया कि मेले की अवधि तक क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय गश्त बनी रहे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। माता के जयकारों से पूरा धाम गुंजायमान रहा।



### मेला क्षेत्र में पहुंचे श्रद्धालु किया माता का दर्शन पूजन

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार गांव स्थित सिद्धपीठ मसुरियन धाम में अगहन मास में एक पखवारे तक लगने वाले मेले में पहले शुक्रवार के दिन मां मसुरियन देवी का दर्शन पूजन के लिए भारी भीड़ उमड़ी । भक्तों ने मां के दर्शन पूजन कर आशीष प्राप्त किया । बताते चलें कि लालापुर के अमिलिया तरहार गांव में शक्ति व सिद्धपीठ के रूप में मां मसुरियन का मंदिर स्थापित है । ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त यहां आकर मां के चरणों की पूजा करता है । उसकी सभी मनोरथ मां पूरा करती है । इसी के चलते इस मेले में जनपद सहित आस पास के पड़ोसी जिलों के भारी संख्या में भक्त दर्शन पूजन के लिए चलते । प्रति वर्ष अगहन मास में इस स्थल पर एक पखवाड़े तक मेले का आयोजन किया जाता है । मेले के पहले शुक्रवार के दिन पहुंचे मां के भक्तों ने विधि विधान से देवी मां की पूजा अर्चना की । और साथ ही मेले में लगी दुकानों से घर गृहस्थी के काम की वस्तुओं की खरीद दारी की ।

## न्यूज झरोखा

### देशी शराब की दुकान पर रेट बोर्ड नहीं लगाया गया ओवर रेट पर बेची जा रही हैं शराब कुछ श्रद्धालु ने लगाया आरोप




**लालापुर।** मेले में चल रही देशी शराब की दुकान पर ठीकेदार द्वारा रेट बोर्ड नहीं लगाया गया है। मेले में आये हुए मेलार्थी ने बताया कि यहां पर शराब ओवर रेट पर भेजी जा रही है। जब इसकी शिकायत आबकारी इंस्पेक्टर से की गयी तो उन्होंने बताया कि यह शिकायत हमको भी मिली है। ठीकेदार के ऊपर ओवर रेट बेचने की पेनाल्टी लगायी जायेगी।

### सैकड़ो लोगों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण, बटी दवाइयां



**मऊआइमा।** इलाके के सराय बादशाह कुली में सोमवार को नेत्र रोगियों के जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज के पत्रिका चौराहे स्थित रिती आई केयर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा सैकड़ों लोगों का निःशुल्क जांच तथा दवा वितरण किया गया। वहीं लगभग 10 लोगों मोतियाबिंद का ऑपरेशन हेतु सलाह दिया गया । कैंप कोऑर्डिनेटर चंदन शर्मा तथा डॉ.जफर, डॉ पूनम, शमा, सिद्धार्थ रहे। आयोजक अंकित विश्वकर्मा ने आए डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आकाश तिवारी , विजय तिवारी, अर्जुन तिवारी, अतीक अहमद, रोहित बिंद , जतिन विश्वकर्मा, सत्यम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण की अद्भुत बाललीला की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र के कचरी गांव में चल रही सातदिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव में पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास द्वारा श्री कृष्ण की अद्भुत बाल लीला का वर्णन सुन श्रोता गण भाव विभोर हो उठे।इस दौरान कथा वाचक आचार्य हरिकान्त मिश्र ने-यशोदा हरि पालने झुलावैं और जाहि अनादि, अनन्त, अखण्ड अछेद, अभेद्य, सुवेद बतावैं, ताहि अहीर की छोहरियां, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावैं जैसे पद, भजन, गीतों द्वारा श्री कृष्ण की बाललीला और दिव्य छवि का अनूठा वर्णन करते हुए श्रद्धालु भक्तजनों को आह्लादित कर दिया। उन्होंने बालकृष्ण द्वारा मक्खन चुराने,ऊखल में बांधे जाने,यशोदा नन्द द्वारा दुलराने,कालिया नाग का मर्दन करने,गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाने जैसी कई लीला का मार्मिक वर्णन करते हुए खूब तालियां बटोरी। कथा व्यास ने कहा कि प्रेम की पराकाष्ठा के पर्याय श्री कृष्ण का बाल जीवन और उसकी कथा का श्रवण करने से घर में प्रेम संस्कार सदाचार और सुख समृद्धि विराजती है। इस दौरान बाल लीला संबंधित झांकियों ने भी सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व कथा श्रवण कर रही त्रिवेणी सिंह ने श्रीमद् भागवत महापुराण और कथा व्यास का पूजन माल्यार्पण किया। आयोजक कृष्णराज सिंह ने कथा श्रवण करने आए क्षेत्रीय जनमानस के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधान धर्मराज सिंह पटेल, रामबली सिंह, रामकुमार सिंह, पृथ्वीराज, डॉ.योगेश सिंह विनोद सिंह, राजेश कुमार राजू, युवराज सिंह, बंसराज सिंह, अजेय राजसिंह, बृजराज सिंह, विमलेश्वर दास महाराज, मुन्ने शुक्ला, पृथ्वीराज सिंह,अरुण सिंह, अनिल शुक्ला, मणिराज सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रोता भक्तजन, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# माघ मेले में पुलिस लाइन के लिए किया गया भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** संगम नगरी में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम तट पर माघ मेले की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन के लिए भूमि का पूजन किया गया। महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किया। संगम की रेती पर माघ मेले की तैयारियों का श्री गणेश सोमवार को कर दिया गया। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट की ओर से माघ मेले में पुलिस लाइन के लिए भूमि पूजन किया गया। श्री बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलवीर गिरि महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि का पूजन किया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) डॉ. अजय पाल सिंह समेत तमाम अधिकारी और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के तट पर पौष पूर्णिमा तीन जनवरी शनिवार से माघ मेले का शुभारंभ होगा। 15 जनवरी बृहस्पतिवार को मकर संक्रांति, 18 जनवरी रविवार को मौनी अमावस्या स्नान पर्व होगा। इसी तरह 23 जनवरी शुक्रवार को वसंत पंचमी, पहली फरवरी रविवार को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी रविवार महाशिवरात्रि पर डुबकी लगेगी। माघ मेले की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी गई हैं। भूमि को समतल करने का कार्य जोरों पर चल रहा है। इसके अलावा गंगा पर पीपा पुल बनाने, पेयजल पाइप लाइन और विद्युत व्यवस्था के लिए खंभों को लगाने का कार्य भी चल रहा है।

# शिक्षा में मनमानी पर गिरी गाज इंटर कॉलेज प्रबंधक को नोटिस

## प्रबंधक की कार्यशैली से क्षेत्र में नाराजगी बढ़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करछना तहसील अंतर्गत परमेश्वरदीन मिश्र इंटर कॉलेज, बेनीपुर पीड़ी कौंधियारा में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं पर आखिरकार शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखा दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने विद्यालय में व्याप्त गंभीर गड़बड़ियों को लेकर प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और सात दिन के भीतर साक्ष्य सहित जवाब तलब किया है।

डीआईओएस कार्यालय द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि विद्यालय में मनोज कुमार शुक्ला को नियमों के विपरीत अनाधिकृत रूप से प्रधानाचार्य घोषित कर उनसे संस्था संचालन कराया जा रहा है, जबकि चयन बोर्ड से चयनित एवं राजकोष से वेतनभोगी प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार तिवारी पहले से विद्यालय में कार्यरत हैं। यह शिक्षा अधिनियम का सीधा उल्लंघन माना गया है।

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि विद्यालय में छात्रों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल कर उसे विद्यालय की जगह निजी खातों में जमा कराया गया है, जिसे डीआईओएस ने घोर वित्तीय अनियमितता बताया है। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव भी प्रशासनिक योजना के अनुसार नहीं कराया गया है।

डीआईओएस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर अनियमितताओं को दूर कर साक्ष्य सहित आख्या प्रस्तुत नहीं की गई, तो संस्था की प्रबंधन समिति को भंग कर प्रबंध संचालक नियुक्त किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय गड़बड़ियों की स्थिति में भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इधर, प्रबंधक की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी व्याप्त है। अभिभावक और छात्र दोनों ही कॉलेज प्रशासन से असंतुष्ट हैं। स्थिति यह है कि कई छात्र विद्यालय छोड़कर अन्य स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं, जिससे कॉलेज की छात्र संख्या लगातार घट रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में वर्षों से मनमानी और शैक्षणिक गिरावट जारी है, जिसने संस्था की साख को पूरी तरह धूमिल कर दिया है।

सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने विरोध जताते हुए लिखा है शिक्षा को व्यापार बनाने वाले प्रबंधक को जेल भेजो। क्षेत्रवासी अब शिक्षा विभाग से उम्मीद कर रहे हैं कि वह इस मामले में कठोर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में किसी भी संस्था में इस तरह की लापरवाही और मनमानी दोबारा न हो सके।

## युवक को बाइक ने मारी टक्कर जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शौच के लिए जा रहे युवक को बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक जख्मी हो गया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खोजापुर निवासी धर्म राज का आरोप है कि उनका पुत्र सूर्ययांस 20 वर्ष शौच के लिए जा रहा था।तभी तीव्र गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सूर्ययांस बुरी तरह घायल हो गया है।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धर्मराज ने मऊआइमा थाने में बाइक चालक धीरेन्द्र पुत्र प्रकाश ग्राम गडौरा महोबागढ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# साहित्य तीर्थ का भूमि पूजन संपन्न

## प्रयागराज की साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान को मिलेगी नई ऊँचाई

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गौरवगाथा को विश्व पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रयागराज के अधीन साहित्य तीर्थ (साहित्य पार्क) परियोजना का भूमि पूजन रविवार को सिविल लाइंस स्थित स्थल पर सम्पन्न हुआ।

भूमि पूजन कार्यक्रम में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी जी ने साहित्यकारों, पार्षदगणों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरूआत की घोषणा की।महापौर श्री केसरवानी ने अपने उद्बोधन में कहा किविश्व के मानस पटल पर प्रयागराज का नाम साहित्य तीर्थ के रूप में अंकित हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह स्थल प्रयागराज की साहित्यिक विरासत को समर्पित एक तीर्थ बनेगा, जहाँ महान साहित्यकारों की प्रतिमाएँ, उनका परिचय एवं कृतियों का प्रदर्शन होगा। साथ ही यहाँ नियमित रूप से साहित्यिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे।उन्होंने यह भी बताया कि साहित्य तीर्थ परियोजना का निर्माण कार्य सीएंडडीएस (उङ्खल्ल२३१४-३ङ्खल्ल ल्ला ऊेश्ल्ल री१५ृ१२) द्वारा कराया जाएगा।यह स्थल प्रयागराज की साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने वाला केंद्र बनेगा।कार्यक्रम का संचालन डॉ. आभा मधुर श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर साहित्यकार शैलेन्द्र मधुर ने कहा कि,यह प्रयागराज ही नहीं, सम्पूर्ण हिंदी साहित्य जगत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। महापौर जी ने जो पहल की है, वह साहित्यकारों के लिए गर्व का विषय है।कार्यक्रम में साहित्यकारों अशोक बेशरम, राम कैलास पाल प्रयागी, आभा मधुर श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा जलज, संतोष शुक्ला समर्थ, अमित जौनपुरी, योगेश झमाझम, पवन श्रीवास्तव सहित अनेक विद्वानों ने विचार व्यक्त किए।महापौर जी ने सभी साहित्यकारों एवं रचनाकारों का सम्मान किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रण विजय डब्बू भाई ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा रोहित सिंह राणा ने साहित्य तीर्थ की अवधारणा पर विस्तृत जानकारी दी।भूमि पूजन कार्यक्रम में रमेश पासी, गिरजेश मिश्रा, नरसिंह, अशोक जैन, रौनक गुप्ता, किरण जायसवाल, आयुष अग्रहरि, संस्कार सिन्हा, मयंक यादव, नीरज टंडन, मिथलेश सिंह, सुनीता चोपड़ा, सोनिका अग्रवाल, सुशील खरबंदा, राम लोचन साहू, कृष्णा, रवि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# अरैल में गंगा तट पर बना साहित्य तीर्थ, महापौर ने किया शिलान्यास

**नैनी।** नैनी अरैल बांध रोड में गंगा नदी के पावन तट पर नगर निगम द्वारा प्रस्तावित साहित्य तीर्थ का शिलान्यास रविवार को प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी द्वारा किया गया। शिलान्यास के उपरांत अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि साहित्य तीर्थ प्रयागराज की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर पहचान दिलाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान आने वाले समय में साहित्य प्रेमियों, रचनाकारों और शोधकताओं के लिए प्रेरणा स्थल बनेगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पार्षद एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से पार्षद राजविजय सिंह, पार्षद मयंक यादव, पार्षद राकेश जयसवाल, सुनीता चोपड़ा, मुन्ना प्रधान, बलराज पटेल, संजय पासवान, रुद्रसेन जायसवाल, किरण जायसवाल, मुकेश लारा सहित भाजपा पदाधिकारी नरसिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, हरिकृष्ण तिवारी, रवि मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी और अन्य गणमान्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह के साथ ही उपस्थित लोगों ने साहित्य तीर्थ के शीघ्र निर्माण और इसके माध्यम से प्रयागराज की साहित्यिक धरोहर के संरक्षण की आशा व्यक्त की।



# 10 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 10 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम खजुरीकला, चपरो में नवीन परती की भूमि, ग्राम लेडियारी में नाली की भूमि, ग्राम पंडरिया में बंजर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील बारा के ग्राम झंझराचौबे में तालाब की भूमि व ग्राम बडगडी में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील फूलपुर के ग्राम धमौर में चकमार्ग, ग्राम पाली में चकमार्ग व नाली की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। सोरांव के ग्राम सरांय चन्द्रभान उर्फ नाननसई में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। डीएम प्रयागराज द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों का हुआ परीक्षण



**झुंसी।** नारायण मानव जनकल्याण सेवा समिति पूरे सूरदास झूसी की ओर से शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में करीब 200 मरीजों का परीक्षण किया गया। साथ ही दवा का वितरण भी किया गया। मरीजों का उपचार डॉ. दिलीप यादव, डॉ. पुष्पा यादव, डॉ. भारत भूषण तिवारी, डॉ. महमूद आलम, डॉ. मानस तिवारी एवं डॉ. साहिल सिद्दीकी ने किया।

# जलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में की बैठक

## जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किए जाने के कार्य को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करते हुए उनकी सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 04.11.2025 से गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य गतिमान है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार दिनांक 04.12.2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक निर्वाचक को गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रह किया जायेगा।



बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विधानसभावार बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति/ओरिएन्टेशन/बी0एल0ओ0 के साथ उनके द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेण्टों द्वारा समन्वय स्थापित कर प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के अतिरिक्त जिन राजनैतिक दलों द्वारा अभी तक बूथ लेवल एजेण्ट नियुक्त नहीं किया गया है उनके द्वारा तत्काल बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति करते हुये सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में उनकी सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया।

बैठक में समस्त राजनैतिक दलों को जिलाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेण्ट थोक में आवेदन दाखिल करने की अनुमति इस शर्त के अन्तर्गत दी गयी है कि कोई भी बूथ लेवल एजेण्ट आलेख्य प्रकाशन से पूर्व अर्थात दिनांक 04.12.2025 तक बूथ लेवल अधिकारी को प्रतिदिन 50 से अधिक फार्म और उसके बाद प्रतिदिन 10 से अधिक फार्म जमा नही करेगा। बूथ लेवल अधिकारी के पास फार्म जमा करने से पूर्व बूथ लेवल एजेण्ट आवेदन पत्रों की एक सूची प्रस्तुत करेगा, जिसमें यह बचनबद्धता होगी कि उसने आवेदन पत्रों के विवरण को व्यक्तिगत रूप से सत्यापित कर लिया है और वह संतुष्ट है कि वह सही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, सभी राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यातायात अभियान के तहत चला सघन चेकिंग अभियान : कई भारी वाहन सीज

**बिना नंबर प्लेट के संचालन हो रहे ट्रकों, डम्फरों वाहनों के विरुद्ध चला अभियान**




**प्रयागराज।** यातायात माह शुरू होते ही जगह जगह यातायात के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जा रहे वहीं वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चल रहा। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर पुष्कर वर्मा के पर्यवेक्षण में गंगानगर जोन के समस्त थानों द्वारा यातायात माह के तहत बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे अवैध ट्रकों व डम्फरों के विरुद्ध अभियान चलाकर रात्रि चेकिंग अभियान में 13 ट्रक व डम्फर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 4 ट्रक डम्फर को 207 एम वी एक्ट में सीज कर कार्यवाही की गई। वहीं यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। एवं उनके नियमों के पालन करने हेतु प्रेरित किया जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटनाएँ घटित ना हों।

# दिल्ली धमाके के बाद प्रयागराज में हाई अलर्ट

**प्रयागराज।** दिल्ली में धमाके के बाद प्रयागराज जिले में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और अन्य प्रमुख स्थानों पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बम स्क्वाड, डाग स्क्वाड और स्थानीय पुलिस की टीमें एक्टिव मोड में हैं।

**यात्रियों के सामान खंगाले जा रहे**

हर आने-जाने वाली ट्रेन और बसों की गहन तलाशी ली जा रही है, जबकि यात्रियों के सामान को स्कैनर से गुजारकर चेक किया जा रहा है। शहरवासी भले ही थोड़ी असुविधा महसूस कर रहे हों, लेकिन यह कदम उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी बताया जा रहा है।

दिल्ली में ब्लास्ट की खबर जैसे ही सामने आई, प्रयागराज पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने तुरंत मीटिंग बुलाई। आइजी स्तर के अधिकारी खुद मैदान में उतर आए। रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी गई। प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर आठ तक हर कोने पर पुलिसकर्मी नजर रख रहे हैं। ट्रेनों के डिब्बों में घुसकर संदिग्ध सामान की जांच हो रही है। एक यात्री ने बताया, मेरा बैग खोलकर पूरी तरह चेक किया गया। शुरूआत में लगा कि देर हो जाएगी, लेकिन अब समझ आ रहा है कि यह हमारी भलाई के लिए है।

बस अड्डे की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। सिविल लाइंस बस स्टैंड और जीरो रोड बस अड्डे पर डॉग स्क्वाड की टीमें घूम-घूमकर सूंघ रही हैं। बसों के अंदर और बाहर हर सीट के नीचे देखा जा रहा है। आने वाली हर बस को रोककर ड्राइवर और कंडक्टर से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय बस आपरेटरों को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बस में न चढ़ने पाए। एक बस चालक ने कहा, हम खुद सतर्क हैं। यात्रियों से कह रहे हैं कि अपना सामान खुद संभालें और कुछ अजीब लगे तो तुरंत बताएं।

शहर के अन्य हिस्सों में भी सुरक्षा का जाल बिछाया गया है। संगम घाट, हनुमान मंदिर और प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त विजय प्रकाश पंडित ने कहा कहा, दिल्ली की घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है। हम किसी भी खतरे को नजरअंदाज नहीं करेंगे। यात्रियों से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि देखें तो तुरंत 112 पर कॉल करें।

एसपी जीआरपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों की मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है। स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज लगातार चेक की जा रही है। एंटी-सैबोटेज चेक टीम ने प्लेटफॉर्म के नीचे और ट्रैक पर भी निरीक्षण किया। यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आई, लेकिन चेकिंग के कारण थोड़ी देरी हो रही है।

एक महिला यात्री ने शिकायत की, ट्रेन लेट हो गई, लेकिन सुरक्षा पहले है। दूसरी तरफ, स्थानीय व्यापारी खुश हैं कि पुलिस सक्रिय है। खुफिया विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हैं, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े इनपुट पर काम चल रहा है। प्रयागराज में फिलहाल कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला, जो राहत की बात है।

**48 घंटे तक अलर्ट जारी रहेगा**

यह अलर्ट कम से कम 48 घंटे तक जारी रहेगा, जब तक दिल्ली जांच पूरी नहीं हो जाती। पुलिस ने होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में भी चेकिंग तेज कर दी है। आईडी प्रूफ के बिना कोई रुक नहीं सकता। शहर में शांति है, लेकिन सतर्कता चरम पर।

प्रयागराज प्रशासन ने सभी से सहयोग मांगा है। आरपीएफ-जीआरपी के साथ पुलिस अधिकारियों ने कहा, हमारी टीम 24 घंटे अलर्ट पर है। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। दिल्ली की घटना ने पूरे देश को हिला दिया है, और प्रयागराज जैसे संवेदनशील शहर में यह सतर्कता स्वाभाविक है। उम्मीद है कि जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी, लेकिन फिलहाल हर कदम सोच-समझकर उठाया जा रहा है।

# दूरवाणी नगर में चोरी, जेवर और नकदी पर हाथ साफ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के दूरवाणी नगर स्थित एक मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 35 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर का मालिक अपने पैतृक गांव गया हुआ था। मामले की तहरीर देते हुए अशोक कुमार ने बताया कि उनके फूफा राजकपुर गौतम पुत्र शिवचंद्र राम, मूल निवासी राजमलपुर, बलिया, नैनी के पी.डी.ए. कॉलोनी, दूरवाणी नगर स्थित मकान संख्या 40-4636 में रहते हैं। राजकपुर गौतम 5 नवंबर 2025 को अपने पैतृक गांव में तेरहवीं और बरखी के



कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान 9 नवंबर 2025 की मध्यरात्रि में चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और घर में रखे लगभग 32 ग्राम सोने का हार, 10 ग्राम सोने की मांगटिका, 5 ग्राम सोने की अंगूठी, 250 ग्राम चांदी की पायल, 300 ग्राम चांदी की करधनी, तथा 35 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है। सूचना के बाद नैनी पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।

# छतनाग में फिर तेंदुआ दिखने से दहशत नहीं पकड़ पाया था वन विभाग

- ग्रामीणों में फैली दहशत
- वन विभाग को दी सूचना

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** करीब 20 दिन बाद छतनाग में एक बार फिर तेंदुआ की दहशत फैल गई है। देर रात तेंदुआ एक शख्स के सामने आ गया था। उसके शोर मचाने पर जब तक लोग एकत्र होते, तब तक तेंदुआ भाग गया। यह खबर फैलने के बाद इलाके में लोगों की नींद उड़ गई है।

छतनाग स्थित एचआरआइ में 10 अक्टूबर को तेंदुआ दिखाई दिया था। इसके बाद कई दिन यहां सुरक्षा कर्मियों ने उसे देखने की बात कही थी। वन विभाग ने परिसर में दो पिंजरे व कई नाइट व्हिजन कैमरे लगवाए थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। इसके बाद 22 अक्टूबर को तेंदुआ एसटीपी के पास दिखा फिर गायब हो गया था।

सोमवार की रात छतनाग में फिर से यह दिखा। गांव के मौजीलाल यादव का कहना है कि वह दरवाजे पर गाय दुहने बैठे थे। तभी तेंदुआ आ गया। अंधेरे में पहले उन्हें लगा कि कोई बछिया है। बाद में जब थोड़ी रोशनी में देखा तो तेंदुआ नजर आया। उसने शोर मचाकर अपने साथी शिवमूरत को बुलाया।

इसके बाद आसपास के तमाम लोग एकत्र हो गए। लोग लाठी-डंडे लेकर दौड़े तो तेंदुआ हिमालयन इंस्टीट्यूट की ओर भाग गया। गांव के तेज प्रकाश मिश्रा वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर सूचना दी। रेंजर लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि तेंदुआ दिखने की सूचना मिली है। कर्मचारियों की टीम मौके पर भेजी गई है।

# रोजगार मेले का आयोजन 13 नवम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक 13.11.2025 को द पाम एकेडमी, करैलाबाग, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगभग 1500 रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेले में हाईस्कूल/ इण्टर/ स्नातक/ आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ बी0टेक/ एम0बी0ए0 उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। यह जानकारी सहायक सेवायोजन अधिकारी, प्रयागराज ने दी है।

# यूपी के इस जिले में अगले महीने से लागू हो जाएंगे नए सर्किल रेट, 150 करोड़ बढ़ेगा सरकार का राजस्व

**प्रयागराज।** दिसंबर में लागू होने जा रहे नए सर्किल रेट से सरकारी खजाना बढ़ने के साथ पारदर्शिता आएगी। प्लाट, दुकान, मकान, फ्लैट व अन्य संपत्तियों की खरीद-फरोख्त में स्टांप शुल्क ज्यादा लगेगा, जिससे राजस्व की वृद्धि होगी। सरकार को लगभग 150 करोड़ रुपये की आय संपत्तियों की रजिस्ट्री से हो सकेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को निबंधन विभाग का 1070 करोड़ रुपये लक्ष्य पूरा नहीं हो सका था। लक्ष्य से 32 प्रतिशत कम की आय हुई थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य छह करोड़ रुपये घटाकर 1064 करोड़ कर दिया गया। सर्किल रेट बढ़ने से लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

जनपद में सबसे ज्यादा सिविल लाइंस का सर्किल रेट 30 से 35 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी 20 से 30 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ सकता है। शहर के विभिन्न मुहल्लों में मार्गों व गलियों के हिसाब से सर्किल रेट में बढ़ोतरी की गई है। हर अपार्टमेंट के फ्लैट के रेट खोल देने से खरीदने वाले को कई तरह से लाभ भी होगा। उन्हें बैंक लोन लेने से लेकर उनकी संपत्ति की कीमत बढ़ेगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लग सकेगा।

उदाहरण के तौर पर सिविल लाइंस में एक करोड़ दो लाख रुपये के टूबीएचके फ्लैट की खरीद में सरकार को आठ लाख 16 हजार रुपये स्टांप ड्यूटी तथा पंजीयन शुल्क के रूप में मिलेंगे। पहले छह लाख रुपये के करीब मिलते थे। सिविल लाइंस में ही 100 वर्ग मीटर के प्लाट पर सात लाख रुपये से ज्यादा स्टांप और रजिस्ट्रेशन के मिलेंगे, जबकि पुराने सर्किल रेट अनुसार साढ़े पांच लाख रुपये ही मिलते थे।

**खेत खरीद कर प्लाटिंग की तो जुर्माने संग अतिरिक्त स्टांप शुल्क**

**प्रयागराज।** शहर से सटे गांवों में कृषि भूमि खरीदकर उस पर प्लाटिंग करने वालों को बड़ा झटका लगने जा रहा है। नए सर्किल रेट के नियमों में यह प्रविधान कर दिया गया है कि प्लाटिंग के उद्देश्य से खेती की जमीन खरीदने जा रहे हैं तो रजिस्ट्री के अभिलेखों में इसका उल्लेख करना होगा, जिसके हिसाब से ही स्टांप शुल्क लगेगा। ऐसा न करने पर जुमार्ने के साथ अतिरिक्त स्टांप शुल्क देना होगा। प्रविधान में रेरा के साथ एनजीटी के नियमों को प्लाटिंग एरिया में लागू करना होगा। प्राइवेट कालोनी में हरित पट्टिका, खुले स्थान, पार्क, क्रीड़ा स्थल भी रखने होंगे। ऐसे गांवों की श्रेणी भी बना दी गई है। विकासशील गांव और सामान्य गांव की श्रेणी है। इसके अलावा एग्रीमेंट कराकर जमीन की प्लाटिंग करने पर भी अतिरिक्त स्टांप शुल्क देने का नियम आ गया है।

'शहर से सटे नैनी, झूंसी, फाफामऊ में 30 प्रतिशत तो शहर पश्चिमी क्षेत्र में 30 से 35 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ाया गया है। गंगापार और यमुनापार की तहसीलों के मुख्यालयों, ब्लाक मुख्यालयों, मुख्य मार्गों, बाजारों व नगर पंचायतों में सर्किल रेट के अलग प्रस्ताव हैं। सर्किल रेट बढ़ा तो राजस्व में अवश्य ही वृद्धि होगी। नए सर्किल रेट को लेकर आपत्तियों के निस्तारण के बाद महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसके बाद ही सर्किल कितना बढ़ेगा, यह निर्धारित हो जाएगा।' **-राकेश चंद्रा, एआइजी स्टांप**

# नैनी में दिव्य आस्था के साथ मना श्री श्याम महोत्सव

## हारे के सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंज उठा पंडाल

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी में श्री श्याम परिवार सेवा समिति नैनी के तत्वाधान में रविवार को मयूर गार्डन गेस्ट हाउस में आयोजित श्री श्याम महोत्सव भक्ति और आनंद के दिव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। पंडाल पूरे समय हारे के सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें कोलकाता से आए भजन गायक राजगुरु, प्रयागराज के पंडित आनंद शर्मा और पूजा केसरवानी की मनमोहक भजन प्रस्तुतियों ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। के-म्यूजिकल ग्रुप और आर.जी. ढपली मंडली ने अपनी संगत से भजनों में भक्ति रस भर दिया। भक्तों ने बाबा श्याम के समक्ष दीप, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर मनोकामनाएँ व्यक्त कीं। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं को स्वामणी प्रसाद वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष रमेश सुल्तानिया ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से हर वर्ष यह महोत्सव भक्तों की आस्था को और मजबूत करता है। वहीं समिति संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के



बीच आत्मिक मिलन का अवसर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीण गोयनका, श्याम शंकर लोहिया, दिनेश सुल्तानिया, अभिषेक सुल्तानिया सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। पंडाल में वातावरण भाव, भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा।

# औद्योगिक थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर की गई चेकिंग



**प्रयागराज। दिल्ली में धमाके के बाद** सोमवार को प्रयागराज में यमुनानगर जोन के अंतर्गत औद्योगिक थाना क्षेत्र के कई स्थानों चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी विपिन कुमार पाल दलबल के साथ संदिग्ध प्वाइंटों समेत कई धार्मिक स्थलों सहित वाहनों की तलाशी ली और रेलवे स्टेशन के आसपास और रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान जारी रखा।

# बीएलओ की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी से मिले शिक्षामित्र



**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** प्रयागराज भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान में सोमवार को बारा तहसील अंतर्गत कार्यरत बीएलओ से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष वसीम अहमद की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम से मुलाकात किया। जिसमें बीएलओ के सुदूर क्षेत्रों में कार्य करना, विशेष समस्या वाले शिक्षामित्र एवं विद्यालय से शिक्षण कार्य से मुक्त कराने हेतु आग्रह किया गया। जिस पर एसडीएम ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि उक्त रक्क्ष प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से सभी शिक्षामित्र संपादित करें एवं किसी भी प्रकार की समस्या यदि आती है तो मुझसे संपर्क करें, सभी समस्या का निस्तारण त्वरित किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से श्री प्रभात चंद्र द्विवेदी, सुमंत भार्गव, दशरथ लाल भारती एवं राकेश कुमार रहे।

## उर्वरकों की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने किसानों को उचित दर पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न साधन सहकारी समितियों एवं खाद बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विकास खण्ड सदर के अंतर्गत साधन सहकारी समिति कादीपुर (अचलपुर), त्रिपाठी ट्रेडर्स प्राइवेट खाद बीज दुकान दीवानगंज, ब्लॉक बाबा बेलखरनाथधाम की साधन सहकारी समिति जगदीशगढ़ तथा ब्लॉक मंगरौरा की साधन सहकारी समिति (बी-पैक्स) उतरास पहुंचे। उन्होंने समितियों पर उपलब्ध खाद की मात्रा, स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजिका, प्वाइंट आफ सेल मशीन में दर्शित स्टाक एवं किसानों को जारी उर्वरक की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार एवं एआर कोऑपरेटिव देवेंद्र बर्मन को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए और किसी भी किसान को खाद प्राप्त करने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि उर्वरक की मांग बढ़ने के इस मौसम में किसानों को समय से उचित दर पर खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियां एवं खाद विक्रेता स्टॉक की अद्यतन जानकारी समय-समय पर पोर्टल पर अपलोड करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी जानीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है ताकि फसलों की बोआई के समय किसी को खाद की कमी का सामना न करना पड़े।डीएम ने त्रिपाठी ट्रेडर्स प्राइवेट खाद बीज दुकान दीवानगंज के निरीक्षण में दुकान पर उपलब्ध खाद के स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो, विक्रय अभिलेख तथा उर्वरक वितरण की व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया और निर्देशित किया कि सभी प्रकार की विक्री निर्धारित दरों पर ही की जाये और किसी भी किसान से अधिक मूल्य वसूला न जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कहीं भी अनियमितता पायी जाये तो तत्काल कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## बैनामा कराने के बाद नही दिया रुपये, शिकायत पुलिस से

**पट्टी।** कोतवाली निवासी युवती ने जमीन का बैनामा करने के बाद रुपये न देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुर खांगल गांव निवासी रोशनी पटेल पुत्री दिनेश कुमार ने सोमवार को तहरीर देकर आरोपित किया है कि उसने 29 नवंबर 2025 को पडोस के ही एक युवक के नाम बैनामा किया था। जमीन 12 लाख रुपये में तय हुई थी। जिसमें से उसे पांच लाख रुपये बैनामे के समय दिया गया था और बाकी रुपये छह महीने के अंदर देने की बात कही थी। युवती ने आरोपित किया है कि जब उसने छह महीने बाद रुपये की मांग की तो उसके पडोसी ने उसे रुपये देने से मना करने के साथ उसके साथ गाली गलौज किया। साथ ही शिकायत करने पर मारने पीटने की बात कही। युवती ने तहरीर देकर अपना रुपये वापस दिलाए जाने की मांग की है। मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## जिला जज ने सिविल न्यायालय का किया औचक निरीक्षण, अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** जिला जज राजीव कमल पाण्डेय ने सोमवार को स्थानीय वाह्य न्यायालय सीनियर डिवीजन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण को पहुंचे जिला जज से अधिवक्ताओ ने भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें विभिन्न समस्याओ से जुडा मांग पत्र सौंपा। जिला जज राजीव कमल पाण्डेय दोपहर अचानक दीवानी अदालत का निरीक्षण करने आ पहुंचे। सीजेएम कुमुद उपाध्याय के साथ उन्होने न्यायालय कक्षों का निरीक्षण किया। जिला जज राजीव ने वाद पत्रावलियों के रखरखाव को भी देखा। वही उन्होने न्यायिक मामलो के निस्तारण की प्रगति की भी जानकारी ली। जिला जज ने न्यायालय परिसर मे साफ सफाई पर विशेष जोर दिया। वहीं उन्होने न्यायिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए बार और बेंच के समन्वय पर भी खासा जोर दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय एवं ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने जिला जज को बुकें भेंट कर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं ने जिला जज को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। इसमें लालगंज दीवानी न्यायालय के अपर जिला जज न्यायालय में वादों को दायर करने, लीलापुर, सांगीपुर एवं संग्रामगढ़ थानो के क्षेत्राधिकार प्रदान किये जाने और पुरानी पत्रावलियों की भी सुनवाई यहां कराये जाने को लेकर जिला जज से अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान लालगंज के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट विराटमणि त्रिपाठी एवं सिविल जज डा0 के0 मल्लिकार्जुन ने जिला जज को न्यायिक मामलो से सम्बन्धित जानकारियां प्रदान की। अधिवक्ताओं की ओर से ज्ञापन देने वालों में उमेश नारायण तिवारी, रमेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, शशि शेखर पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, अजय यादव आदि अधिवक्ता रहे।

## लोकमंगल के निमित्त धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के पूरे दूधी सुखसागर धाम भोजपुर में श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर सोमवार को धूमधाम से कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कथाव्यास श्रीज्योतिषपीठ संस्कृत महाविद्यालय शंकराचार्य आश्रम प्रयागराज से पधारे आचार्य संतोष जी महराज की अगुवाई में निकली कलश यात्रा क्षेत्र के रामगंज स्थित सांई मंदिर, बूढ़ेश्वर मंदिर होते हुए पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां कथाव्यास व मुख्य आयोजक के साथ ही श्रद्धालुओं ने विधिविधान से बाबा घुइसरनाथ का पूजन अर्चन किया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथास्थल पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान सिर पर आस्था का कलश लिये सैकड़ों की संख्या में शामिल महिला पुरूष श्रद्धालु राधाकृष्ण की भक्ति में मंगलगीत गाते मगन दिखे। मुख्य आयोजक देव नारायण मिश्र, सुषमा मिश्रा, श्याम नारायण मिश्र ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। कथाव्यास आचार्य संतोष जी महराज ने बताया कि जन्म जन्मांतर के पुण्य के बाद श्रीमदभावगत कथा का आयोजन व श्रवण का सुअवसर मिला करता है। कलश यात्रा में भगवताचार्य देवव्रत जी महराज भी शामिल हुए। आयोजक गिरिजाशंकर मिश्र व शिवशंकर मिश्र ने आभार जताया। कलश यात्रा के दौरान हरिश्चंद्र पाण्डेय, कैलाशपति मिश्र, अनूप त्रिपाठी, सुभाष पाण्डेय, सतीशचंद्र शुक्ल, दीप तिवारी, श्रीप्रकाश मिश्र, विवेक शुक्ला, छेदी लाल शुक्ल, मोनू पाण्डेय आदि रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर गरजे वकील, किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**पटटी।** अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सोमवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने हुंकार भरी। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले तहसील परिसर में लामबंद हुए सैकड़ो अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश एवं तहसील बार अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अगुवाई में विधयेक के समर्थन में नारेबाजी की। इसके पहले तहसील सभागार मे हुई आमसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर प्रदेश भर में हस्ताक्षर अभियान तेजी से जारी है। उन्होने साथी अधिवक्ताओ को बताया कि अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को आगामी दिसंबर माह में संसद सत्र के दौरान राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने संसद सत्र के दौरान नई दिल्ली में रूरल बार एसोसिएसन के होने वाले प्रदर्शन को लेकर जानकारियां प्रदान की। वही अनिल तिवारी महेश ने उत्तर प्रदेश में बार कौंसिल के चुनाव मे अधिवक्ताओ की मांग के अनुरूप सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं को मतदान का अधिकार प्रदान करने पर जोर दिया। सभा की अध्यक्षता तहसील बार अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व संचालन महामंत्री प्रमोद कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में आंदोलन को लेकर संघर्ष करने वाले अधिवक्ताओं को मान पत्र भी प्रदान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष के0 रामगौतम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, शिवशंकर सिंह, इंद्र प्रताप तिवारी, अजय श्रीवास्तव, अरविंद पाण्डेय, देशराज तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, अशोक सिंह, विकास तिवारी, मान सिंह, लोकेश सिंह, विवेक पाठक, संजय मौर्या आदि अधिवक्ता रहे।

## स्वीपर से बाइक सवार युवकों ने छीना मोबाइल, केस दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ निवासी अनिल कुमार बेन सीएचसी पट्टी में स्वीपर का काम करता है।बीते शनिवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह मोबाइल से बात करते हुए साइकिल से सीएचसी पट्टी ड्यूटी पर जा रहा था।इसी बीच रास्ते में कंधई थाना क्षेत्र के के बहेलिया गांव के समीप पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गए।स्वीपर की तहरीर पर रविवार देर शाम कंधई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।एसओ कंधई अनिल कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर बाइक सवार अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अन्य कार्रवाई की जा रही है।

## नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की ...



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर के कोठार मंगोलपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को कथाव्यास आचार्य ओमानंद जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का मार्मिक वर्णन किया। कथाव्यास आचार्य ओमानंद जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का कारागार में जन्म होते ही वासुदेव व देवकी कृष्ण के भय को लेकर फिर आशंकित हो उठे। उन्होने बताया कि लेकिन भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही उनकी लीलाएं शुरू हो गयी। कारागार के द्वार स्वतः खुल गये। इधर कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर भजन संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा। नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की जैसे सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो नृत्य करते दिखे। वही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर भव्य झांकी भी निकाली गयी। कथाव्यास ओमानंद महराज ने कहा कि भगवान भक्तों के वश में है। वह सदैव अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। कथाव्यास ने बताया कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अन्त किया। मुख्य आयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ल ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर विशंभर नाथ शुक्ल, इंद्रभवन मिश्र, प्रतीक शुक्ला, कुलभूषण ओझा, बृजेंद्रमणि त्रिपाठी, शिवशंकर शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, उमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से मार-पीट के मामले में चार पर केस

**पट्टी।** आपसी विवाद को लेकर किशोरी को लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया था। जिसमें पीड़ित की तहरीर पर महिला सहित चार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पट्टी कोतवाली इलाके के समोगरा गांव निवासी सुभाष चंद्र तिवारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि रविवार की सुबह उसकी नाबालिक पुत्री साक्षी तिवारी 15 वर्ष घर पर मौजूद थी। इस दौरान पड़ोसियों ने लाठी डंडा लेकर उसके घर आ पहुंचे और उसे लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर पुलिस ने रामचंद्र तिवारी, तुष्टि तिवारी, सुमन देवी तिवारी, के खिलाफ मार-पीट धमकी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। और पुलिस अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ढकवा व आसपुर देवसरा पावर हाउस की मंगलवार को बंद रहेगी विद्युत सप्लाई



**पट्टी।** क्षमता वृद्धि के कारण ट्रांसफार्मर बदले जाने के लिए मंगलवार को आसपुर देवसरा वढकवा इलाके में विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। आसपुर देवसरा में आने वाले सैकड़ो गांव में मंगलवार की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। आसपुर देवसरा वढकवा दो ऐसे पावर हाउस है जिनकी बिजली सप्लाई 5 केवीए ट्रांसफार्मर हटाकर 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाए जाने के कारण बंद रहेगी। आसपुर देवसरा पावर हाउस के एसडीओ उत्कर्ष चंद्रा ने सोमवार की दोपहर 2 बजे पत्र जारी करें बताया कि पावर हाउस पर 10 केवीए ट्रांसफार्मर बदला जाना है। लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर सपोर्ट नहीं कर रहा था। आए दिन बिजली की समस्या से लोगों को झेलना पड़ रहा था। आसपुर देवसरा के इलाके में मंगलवार की सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। आसपुर देवसरा वढकवा के अलावा अन्य पावर हाउस की सप्लाई नियमित रूप से जारी रहेगी।

## महिला पर कुल्हाड़ी से हमला मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** जमीनी रंजिश को लेकर महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया।इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के दिलीपपुर गांव निवासी उमा पांडे रविवार को पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते महीने जमीनी रंजिश को लेकर पड़ोसी घर के सामने बाउंड्री वॉल बना रहा था। विरोध करने पर आरोपितों ने उमा पांडे के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने गांव के अजय पांडेय,विजय पांडे, प्रियांशु पांडे, प्रत्युष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण

- डीएम ने पराली जलाये जाने के प्रकरण पर किसान को दी चेतावनी
- जिलाधिकारी ने की कंबाइन मशीन से धान कटाई पर कार्रवाई, मौके पर गाड़ी जब्त करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड मंगरौरा के क्षेत्र के अन्तर्गत उतरास में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के भ्रमण के दौरान कृषक भानु सिंह द्वारा खेतों में परायी जलायी जा रही थी, मौके पर जिलाधिकारी ने पहुँचकर किसान को चेतावनी देते हुये निर्देश दिया कि पराली जलाने की ऐसी घटनायें तत्काल बन्द की जाये, साथ ही जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि पराली जलाने वाले किसान के विरूद्ध नियमानुसार जुमार्ना वसूला जाये जिस पर सम्बन्धित कृषक से 15 हजार रुपए जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण को गम्भीर क्षति होती है तथा इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा पराली प्रबन्धन हेतु आवश्यक सुविधायें एवं मशीनरी उपलब्ध करायी गयी है जिनका उपयोग कर किसान पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाये और किसी भी दशा में पराली जलाने की घटनायें न होने पाये और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान उतरास क्षेत्र में पाया कि 02 कंबाइन मशीन बिना एस0एम0एस0 के धान की कटाई कर रही थी। जिलाधिकारी ने मौके पर ही तत्काल एसओ कन्धई को फोन के माध्यम से निर्देशित किया कि कंबाइन मशीन वाहन को जब्त करते हुये निर्धारित नियमों के अनुसार जुमार्ना वसूला जाए। डीएम ने मौके पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी को फटकार लगाते हुये कहा कि आपकी लापरवाही दिखायी पड़ रही है तत्काल आपका जितना भी स्टाफ है अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुये जहां पर पराली जलाने एवं कंबाइन मशीन से धान की कटाई हो रही हो इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार कंबाइन मशीन से कटाई के बाद पराली जलाने जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि ऐसे प्रकरण दोबारा न पाये जाये, अन्यथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## एटीएम बदलकर 33 हजार निकालकर भाग निकाला टप्पेबाज




**बेलखरनाथ धाम।** एटीएम से पैसा निकालने गए ग्राहक का टप्पेबाज एटीएम लेकर भाग निकला तथा थोड़ी देर में चार बार में 33 हजार रूपया निकाल लिया। पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज आने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन गांव निवासी वरुणेंद्र मणि शुक्ला सोमवार को साढ़े नौ बजे कंधई थाना क्षेत्र के रखहा बाजार में लगे इंडिया वन एटीएम से पैसा निकालने गया।इसी दौरान काले रंग की गाड़ी से आये एक टप्पेबाज उनका एटीएम लेकर भाग निकला तथा आधे घंटे बाद उसने तैंतीस हजार रुपए निकाल लिया।पीडित के मोबाइल पर मैसेज आया तो उसके होश उड़ गए।घटना की सूचना मिलने पर चैकी पर तैनात उप निरीक्षक रज्जन राव पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरा खंगाला लेकिन टप्पेबाज का पता नहीं चला सका।

## आतंकियों से विस्फोटक पदार्थो की बरादमगी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर : प्रमोद तिवारी

### सांसद ने प्रदेश के पूर्व आईएएस जितेन्द्र कुमार के आकस्मिक निधन पर जताया दुख



**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी रहे सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस जितेन्द्र कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि प्रतापगढ़ के तत्कालीन जिलाधिकारी के रूप में आईएएस जितेन्द्र कुमार ने जिले के विकास को योजनागत मजबूती प्रदान की। उन्होने कहा कि प्रदेश शासन में माध्यमिक शिक्षा समेत कई महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुख सचिव रहते हुए भी जितेन्द्र कुमार ने प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुए उत्तर प्रदेश को मजबूत दिशा प्रदान करने में भी अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। इधर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भाजपा शासित राज्य गुजरात और हरियाणा में सीमा पार से आतंकियों द्वारा रासायनिक जहर तथा विस्फोटक पदार्थो के जरिए देश में आतंकी हमले की दुस्साहसिक चिंताजनक साजिश रची। उन्होने कहा कि गुजरात व हरियाणा में भाजपा की सरकार है और केन्द्र मे भी भाजपा की ही सरकार है। उन्होने कहा कि ऐसे में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और अहमदाबाद जैसे शहरों को इन आतंकी हमलों की रेकी का खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद गंभीर है। उन्होने कहा कि विशेष सुरक्षा जांच एजेन्सी की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आना कि विस्फोटक पदार्थो और खतरनाक हथियारों की आपूर्ति पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए यहां सप्लाई की जाती रही, यह और भी चिन्ता का विषय है। उन्होने कहा कि इस खुलासे से यह जाहिर हो गया है कि भाजपा आतंकवादी गतिविधियों को अभी भी गंभीरता से नही ले रही है। उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर इस गंभीर खुलासे को लेकर अपनी जबाबदेही और आतंकवाद नियंत्रण के क्षेत्र में असफलता ही नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी का बयान सोमवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## दुष्कर्म का वांछित धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान दुष्कर्म, आईटी एक्ट व दलित उत्पीड़न के एक वांछित को धर दबोचा। थाने के दरोगा उमाशंकर यादव सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ज्ञानीपुर चैराहे के पास से दुष्कर्म, आईटी एक्ट व दलित उत्पीडन के मुकदमें मे वांछित मोती का पुरवा पहाड़पुर निवासी मुन्ना लाल जायसवाल के पुत्र विकास जायसवाल को गिरफ्तार किया। एसओ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## दोबाइकों की टक्कर, महिला समेत दो घायल



**पट्टी।** घर से बाजार जो रहे युवक की बाइक में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पत्नी को गंभीर चोट लगी है। घायल महिला को सीएचसी मैं भर्ती कराया गया है। पट्टी कोतवाली इलाके के सुभवा गांव के रहने वाले अरविंद कुमार देर शाम पत्नी को लेकर तहसील मुख्यालय आ रहा था, अभी वह कलियनापुर नहर पुलिया के समय पहुंचा था कि सामने से आ गई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठी पत्नी शशि कुमारी (35) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पट्टी सीएचसी लाया गया जहां पर उपचार चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ कलियनापुर गांव निवासी रमेश कुमार पट्टी बाजार से साइकिल से घर जा रहा था। अभी वह भरोसा नहर पुलिया के समीप पहुंचा था कि उसे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दे जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानी लोगों की मदद से उसे सीएचसी भेजा गया है जहां पर इलाज चल रहा है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकर्स को लंबित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

### ऋण-जमानुपात कम पाए जाने पर सभी बैंकर्स को मानक के अनुसार ऋण-जमानुपात में सुधार लाने के निर्देश



**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने ऋण-जमानुपात की समीक्षा के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक व सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ऋण-जमानुपात बहुत कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को मानक के अनुसार ऋण-जमानुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा के दौरान सभी बैंकर्स से कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ.डी.ओ.पी., मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना एवं पी.एम.एफ.एम.ई. योजना आदि के आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाय तथा स्वीकृत ऋण आवेदनों को शीघ्र वितरण कर दिया जाय।मुख्य विकास अधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र, एम.एस.एम.ई., अन्य प्राथमिक क्षेत्र व प्राथमिक क्षेत्र की समीक्षा के दौरान सभी बैंकर्स को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्हांने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत श्रम सहायता समूह के खाते खोलने व उनमें सी.सी.एल. लिंकेज की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी बैंकर्स को लम्बित पत्रावलियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए मुख्य विकास अधिकारी ने नाबार्ड द्वारा तैयार संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2026-27 बुकलेट का विमोचन किया नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक अनिल शर्मा ने बताया की वर्ष 2026-27 में कौशांबी जिले में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए रू0-210016.51 लाख के बैंक ऋण की संभाव्यता का अनुमान लगाया गया है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए ऋण, कृषि संबंधी अन्य गतिविधियों जैसे-डेयरी, सिचाई, कृषि यंत्रीकरण, भूमि विकास, मुर्गी पालन, मछली पालन एवं भंडारण आदि के अतिरिक्त लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों की लिए अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र जैसे-शिक्षा, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के लिए बैंक ऋण का अनुमान लगाया गया है।बैठक में अग्रणी जिला विकास प्रबन्धक नवीन झा ने बताया की ऋण योजना के अनुसार वर्ष 2026-27 के लक्ष्य 01 अप्रैल 2026 से पहले सभी बैंकों को दे दिये जाएँगे। उन्होने इस तिमाही में बैंकों द्वारा की गयी प्रगति के बारे में विस्तार से बताया।

## कौशाम्बी पुलिस विभाग में तबादलों की बड़ी कार्रवाई

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देश पर जिले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए कई उपनिरीक्षकों और आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जारी सूची के अनुसार 32 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं।इस फेरबदल में पुलिस लाइन, थाना मंझनपुर, सैनी, करारी, सराय अकिल, कोखराज, पश्चिम शरीरा सहित विभिन्न थानों व पुलिस चौकियों पर तैनात पुलिसकर्मियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि यह परिवर्तन पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने तथा जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी संबंधित कर्मी तत्काल अपने नव तैनात स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करें।

## कई कई महीने बीत जाने के बाद भी बिजली उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाता है ट्रांसफार्मर

**कौशांबी।** विद्युत उपकेंद्र के स्टोर रूम कौशांबी में अफसर की मनमानी से जिले की जनता परेशान है कई कई महीने बीत जाने के बाद विद्युत उपकेंद्र के स्टोर रूम से ट्रांसफार्मर की सप्लाई नलकूप संचालकों को नहीं दी जाती है उसके बदले में मोटी रकम की वसूली होती है उपकेंद्र मंझनपुर अंतर्गत अंबावा पश्चिम गांव के एक किसान द्वारा नलकूप कनेक्शन लेने के बाद 4 महीने पहले स्टोर रूम में आदेश आ गया कि कनेक्शन धारक को ट्रांसफार्मर सप्लाई दी जाए इस प्रॉब्लम में अफसर मौजूद नहीं रहते और शारदा प्रसाद मिश्रा बाबू के जिम्मे स्टोर संचालित हो रहा है आदेश आने के 4 महीने बाद भी उपभोक्ता को अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं मिला है 10 एचपी का अम्बवा पश्चिम में नलकूप के कनेक्शन में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर की मांग उपभोक्ता लगातार कर रहा है कौशांबी में किसानों के नलकूप को 4 महीने बाद ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग का स्टोर रूम नहीं दे पा रहा है बिजली विभाग पर योगी सरकार का आदेश नहीं लागू होता दिख रहा है। विभाग का एक लिपिक पूरी व्यवस्था पर भारी दिखाई पड़ रहा है वसूली करने वाले लोगों पर कौन रोक लगाएगा। आम जनता की समस्या का ट्विटर के माध्यम से राज्यपाल मुख्यमंत्री विद्युत विभाग के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी और अध्यक्ष को शिकायत किए जाने के बाद उधर से ट्विटर पर जवाब दिया गया है कि महोदय बिजली से संबंधित समस्या के लिए अपना कॉन्टेक्ट नंबर पता एवं सम्बंधित सबस्टेशन का नाम सूचित करें जिससे आपसे संपर्क कर आपकी समस्या का उचित निराकरण कराया जा सके। कृपया अपना मोबाइल नम्बर और पूरा पता (जिले सहित) संबंधित उपकेन्द्र का नाम उचित कार्रवाई के लिए साझा करें जिससे यही लगता है कि एमडी कार्यालय और अध्यक्ष के कार्यालय में ट्विटर देखने वाले लोग भी ट्विटर को पढ़ते नहीं है केवल रटे रटाए भाषा ट्विटर में भेज करके उपभोक्ताओं से जवाब चाहते हैं पूरे जिले की समस्याएं है उपभोक्ता परेशान है पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के जवाब के बाद फिर उनको ट्विटर पर जवाब दिया गया है कि उपकेंद्र से संबंधित मामला नहीं है कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विद्युत स्टोर रूम का मामला है जहां से ट्रांसफार्मर सप्लाई दी जाती है और जिले की समस्या हमने आपके पास भेजी है व्यक्तिगत समस्या से संबंधित मामला नहीं है। मामले को संज्ञान ले और विभाग की जांच शुरू कराएं।

# 3 तस्कर गिरफ्तार 11 लाख कीमत का 44 किलो गांजा बरामद



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सैनी कोतवाली के धाता-सिराथू रोड स्थित पुल पर बिना नंबर प्लेट की एक सफेद वैन्यू कार से 03 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों में चित्रकूट जनपद के मऊ निवासी निखिल मिश्रा पुत्र भैया लाल वा अनिल सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह निवासी कोपामऊ थाना मऊ वा कल्लू पटेल पुत्र बिहारी पटेल निवासी कर्वी जनपद चित्रकूट शामिल है लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया है गांजा तस्करों के कब्जे से 44 किलो 190 ग्राम अवैध गांजा पुलिस ने बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही गांजा तस्करी में इस्तेमाल की गई 01 वैन्यू कार भी बरामद हुई पूछताछ में तस्करों ने बताया कि गांजा उड़ीसा से लाया गया था और वे इसे सोमवार को खागा में एक व्यक्ति को डिलीवर करने वाले थे। पैसे की लालच में आकर यह काम करते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सैनी थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

## दलित परिवारों की दांव पर जिंदगी बांस बल्ली के सहारे बिजली

**कड़ा कौशाम्बी।** सरकार प्रदेश मैं विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहा है वहीं दूसरी ओर कौशाम्बी जिले के नगर पंचायत कड़ा के नरसिंहपुर फरीदगंज वार्ड नंबर 5 में लगभग 150 दलित परिवार बिजली विभाग की घनघोर लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का शिकार हैं इन परिवारों की जिंदगी हर दिन मौत के करंट के साए में कट रही है बिजली विभाग ने घरों में मीटर तो लगा दिए ताकि राजस्व वसूला जा सके लेकिन बिजली पहुँचाने का सबसे महत्वपूर्ण और सुरक्षित माध्यम बिजली का खंभा और सरकारी तार आज तक नहीं लगाए गए हैं अधिकारी और नेता उनकी नहीं सुनते इसलिए उन्होंने खुद पैसा जोड़कर तार खरीदे पूरा मोहल्ला आज भी बाँस-बल्लियों पेड़ों की डालों और घरों की छतों का सहारा लेकर खींचे गए इन जानलेवा अस्थायी कनेक्शनों पर निर्भर है हर पल खतरा खंभे न होने और तारों की असुरक्षा के कारण बरसात या हवा चलने पर अक्सर घरों में करंट उतर आता है जिससे बड़ी अनहोनी का डर बना रहता है स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि इस गंभीर समस्या के बावजूद क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों कौशाम्बी के सांसद पुष्पेंद्र सरोजऔर सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने इस दलित बस्ती की सुध लेना भी उचित नहीं समझा। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी बार-बार की शिकायतें रद्दी की टोकरी के हवाले कर दी गईं ।

# आलोक द्विवेदी बने अध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह बने महामंत्री



अखंड भारत संदेश

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मूरतगंज इकाई का हुआ गठन

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र मूरतगंज में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में मूरतगंज ब्लॉक की इकाई का गठन किया गया।जिसमें आलोक द्विवेदी को ब्लॉक अध्यक्ष ,योगेन्द्र सिंह को महामंत्री विनोद सिंह चंदेल को कोषाध्यक्ष स्नेहांशु राहज को संगठन मंत्री अरुण कुमार शुक्ल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहित केसरवानी उमाशंकर यादव को उपाध्यक्ष जिम्मी करवरिया को उपाध्यक्ष, उमेश सिंह, इरशाद अहमद को मंत्री बनाया गया। अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक हित के लिए संगठन सदैव तत्पर है किसी भी शिक्षक का शोषण नहीं होने दिया जायेगा, संगठन की रीति नीति के अनुसार कार्यकारिणी शिक्षक हित में कार्य करेगी। सदस्यता अभियान चलाकर शिक्षकों को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु संगठन के पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। संगठन के जिला सह संयोजक अवनीश मिश्र ने कार्यकारिणी को बधाई दी और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा शिक्षक हित में किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। संचालन मारुति नंदन ने किया।इस मौके पर सरसवां ब्लॉक अध्यक्ष दीपक सिंह,भूपेंद्र कुमार सिंह, ज्ञानेश मिश्र, रवि भूषण, राहुल, सरस्वती, दीप्ति, श्वेता चौधरी, रीना, प्रभात कुमार, भार्गव यादव, राकेश बत्रा, शान मोहम्मद संदीप शुक्ला सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# प्राण घातक हमले के आरोप से मुक्ति पाने के लिए तरह-तरह का ड्रामा रच रहे हैं ढाबा संचालक

अखंड भारत संदेश

### ढाबा संचालक का आतंक बंधक बनाकर मजदूर को पीटा नहीं दी मजदूरी पुलिस बुलाकर सौंपने के बाद बनाया मनमानी वीडियो

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा गांव निवासी अधिवक्ता शिव प्रसाद त्रिपाठी पर 7 महीने पहले 4 अप्रैल 2025 को प्राण घातक हमला हुआ था जिसमें लंबे समय तक उनका इलाज भी चला इसका मुकदमा अपराध संख्या 54 सन 2025 महेवा घाट थाने में दर्ज है इस मुकदमे के आरोपियों को बचाने का ठेका महेवा घाट थाना पुलिस ने ले लिया है और आरोपियों को बचाने के लिए महेवा घाट थाना पुलिस ने साजिश रचना शुरू कर दिया जिससे अधिवक्ता पर हमला करने वाले आरोपी बच जाए लेकिन पुलिस की साजिश बेनकाब हो चुकी है मामले में पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस पर कार्यवाही हो सकती है। गौरतलब है कि महेवाघाट थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा गांव निवासी रामकुमार केवट हिनौता के हेमराज यादव के ढाबा में मजदूरी करता है लेकिन मजदूरी करने के बाद भी उसकी मेहनत की मजबूरी ढाबा संचालक द्वारा नहीं दी जा रही है बताया जाता है कि 4 महीने की मजदूरी न मिलने पर उसने ढाबा में काम बंद कर दिया और बम्हरौली के एक ईट भट्ठे में काम करने लगा जिस पर 5 नवंबर को दिनदहाड़े ईट भट्ठे से उसको मोहित यादव सुदामा यादव जबरिया उठाकर के ढाबा ले आए और उसके साथ मारपीट किया उसको तमंचा लगा करके कहा गया कि मजदूरी तो नहीं देंगे बल्कि तुम्हें बैटरी चोरी में फसा देंगे और बैटरी चोरी का आरोप लगा करके वकील शिव प्रसाद त्रिपाठी के लड़कों का नाम लेने के लिए मजदूर को मजबूर कर दिया गया प्राण घातक हमला करने वाले हेमराज के लड़कों को बचाने की साजिश रची जा रही है जिससे अधिवक्ता पर प्राण घातक हमला करने वाले लोग बच जाए इतना ही नहीं ढाबा के मजदूर को सुदामा यादव मोहित यादव पकड़ कर थाने ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने फिर ढाबा संचालक के रोटी के टुकड़ों के आगे मजदूर की सुनवाई नहीं की बल्कि मजदूर को पुलिस ने भी मारा पीटा और धमकाया और चोरी के मुकदमे को स्वीकार करने का दबाव बनाकर उसका वीडियो बना लिया बंधुवा मजदूर पर किया जा रहा अत्याचार यहीं समाप्त नहीं हो रहा है बल्कि उसे फिर ढाबा में बंधुआ मजदूर बनकर दबंग काम करवाना चाहते हैं मामले की शिकायत जहां अधिवक्ता ने पुलिस अधिकारियों से की है वहीं मजदूर रामकुमार ने भी मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की है।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से फिर हो गई एक किसान की मौत

अखंड भारत संदेश

### समरसेबल के विद्युत खंभे में उतरे करंट से झुलसे किसान की इलाज के दौरान मौत



**कोखराज कौशांबी।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते विद्युत खंबे में उतरे करंट के चलते एक किसान की फिर मौत हो गई है किसान की मौत के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार बनाते हुए उन पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाएगी या फिर सब कुछ अंधेर नगरी चौपट राजा की तरह कौशांबी के विद्युत विभाग में चलता रहेगा जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ग्राम पंचायत के साईं का पूरा माजरा में रविवार को किसान कल्लू पासी उम्र 45 वर्ष पुत्र पंछी पासी अपने खेत की फसल में नलकूप से सिंचाई कर रहा था इसी बीच समरसेबल के बिजली सप्लाई के लिए गए विद्युत खंबे में करंट उतर आया जिससे किसान विद्युत करंट की चपेट में आ गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया है करंट लगने से किसान तड़पने लगा झुलसे किसान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है विद्युत करंट से झुलसे किसान की मौत के बाद एक बार फिर विद्युत विभाग के अधिकारियों के कारनामों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर विद्युत खंभों में करंट कैसे उतर रहा है क्या विद्युत सप्लाई की जांच ठीक से नहीं की जाती है केवल संविदा कर्मियों के सहारे पूरी विद्युत व्यवस्था छोड़कर के अधिकारी बड़े शहरों में आराम फरमाते हैं जिससे बेवजह किसानों की मौत होती है किसान की मौत के बाद बिजली विभाग पर बड़े सवाल खड़े हैं किसान की मौत होने के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन




**कौशांबी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में एवं अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में सोमवार को स्कूली बच्चों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर न्यायालय परिसर से रवाना किया इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष के अतिरिक्त समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष एवं स्कूल के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई की गई इस दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं संबंधित प्रभारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके तथा पुलिस पर आमजन का विश्वास और अधिक सुद्दढ़ हो।

### चार पहिया की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल



**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डहरई निवासी कुलेश रैदास पुत्र बसंत लाल रैदास शनिवार शाम अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक फोर व्हीलर ने तेज रफ्तार में उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से कुलेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष हरीश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर कुलेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### बिना नंबर प्लेट के 16 डंपर सीज

**कौशांबी** यातायात माह के विशेष अभियान में 180 वाहनों की पुलिस द्वारा चेकिंग हुई चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट के पाए जाने वाले 16 डंपर को पुलिस ने सीज कर दिया है यातायात माह में वाहनों की चेकिंग पुलिस ने तेज कर दी है।

# प्रदेश में कौशांबी पुलिस ने हासिल की पांचवीं रैंक

### सीएम डैशबोर्ड में चमकी कौशाम्बी पुलिस की कार्यशैली पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार की नेतृत्व क्षमता का बड़ा प्रमाण


अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था और जनसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद कौशाम्बी पुलिस ने एक बार फिर अपनी दक्षता का लोहा मनवाया है। माह अक्टूबर-2025 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में कौशाम्बी पुलिस ने प्रदेश में पाँचवां स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में रोशन कर दिया। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व, कठोर अनुशासन, सशक्त टीम भावना और जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष परिणाम माना जा रहा है। एसपी के नेतृत्व एवं उनकी पुलिस टीम ने न केवल अपराध पर अंकुश लगाया, बल्कि कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पुलिस-जन संवाद में भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में ऊँची उड़ान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** प्रदेश के सभी जिलों के बीच जारी इस रैंकिंग में कौशाम्बी ने शीर्ष 5 जनपदों में स्थान पाकर यह सिद्ध किया कि ईमानदार मंशा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनता से सीधा संवाद पुलिस को जनता का सच्चा प्रहरी बना सकता है।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार का कहना है कि कौशाम्बी पुलिस का लक्ष्य सिर्फ रैंकिंग पाना नहीं, बल्कि हर नागरिक में सुरक्षा और विश्वास की भावना स्थापित करना है। हमारी टीम चौबीसों घंटे इसी उद्देश्य से कार्य कर रही है। राजेश कुमार के नेतृत्व में निरंतर चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों पर क्रैकडाउन, महिला सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति, यातायात माह, साइबर जागरूकता कार्यक्रम ने जनपद की पुलिसिंग को नई दिशा दी है।



Uttar Pradesh CM Dashboard
District Rank in State
Month & Year: October 2025
Ranking Category: District Flagship - Law & Order

| Sr. No. | District Name | Effective Max Marks | Effective Marks Obtained | Effective Marks (%) | Rank |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rampur | 10.00 | 9.02 | 90.20 | 1 |
| 2 | Jalaun | 10.00 | 8.36 | 83.60 | 2 |
| 3 | Gautam Buddha Nagar | 10.00 | 8.21 | 82.10 | 3 |
| 4 | Sambhal | 10.00 | 8.09 | 80.90 | 4 |
| 5 | Shahjahanpur | 10.00 | 8.06 | 80.60 | 5 |
| 6 | Kaushambi | 10.00 | 8.06 | 80.60 | 5 |
| 7 | Bijnor | 10.00 | 8.04 | 80.40 | 7 |
| 8 | Varanasi | 10.00 | 7.94 | 79.40 | 8 |
| 9 | Shravasti | 10.00 | 7.91 | 79.10 | 9 |
| 10 | Sonbhadra | 10.00 | 7.84 | 78.40 | 10 |
| 11 | Basti | 10.00 | 7.83 | 78.30 | 11 |
| 12 | Bhadohi | 10.00 | 7.72 | 77.20 | 12 |
| 13 | Saharanpur | 10.00 | 7.67 | 76.70 | 13 |
| 14 | Amroha | 10.00 | 7.65 | 76.50 | 14 |
| 15 | Fatehpur | 10.00 | 7.65 | 76.50 | 14 |
| 16 | Hathras | 10.00 | 7.63 | 76.30 | 16 |
| 17 | Firozabad | 10.00 | 7.60 | 76.00 | 17 |
| 18 | Agra | 10.00 | 7.55 | 75.50 | 18 |
| 19 | Pratapgarh | 10.00 | 7.54 | 75.40 | 19 |
| 20 | Kasganj | 10.00 | 7.52 | 75.20 | 20 |
| 21 | Meerut | 10.00 | 7.50 | 75.00 | 21 |
| 22 | Budaun | 10.00 | 7.50 | 75.00 | 21 |
| 23 | Barabanki | 10.00 | 7.49 | 74.90 | 23 |
| 24 | Chitrakoot | 10.00 | 7.49 | 74.90 | 23 |
| 25 | Mahoba | 10.00 | 7.46 | 74.60 | 25 |
| 26 | Hamirpur | 10.00 | 7.45 | 74.50 | 26 |
| 27 | Amethi | 10.00 | 7.45 | 74.50 | 26 |
| 28 | Banda | 10.00 | 7.35 | 73.50 | 28 |
| 29 | Lalitpur | 10.00 | 7.35 | 73.50 | 28 |
| 30 | Moradabad | 10.00 | 7.33 | 73.30 | 30 |
| 31 | Ambedkar Nagar | 10.00 | 7.32 | 73.20 | 31 |

Powered by DARPAN© Dashboard Services of National Informatics Centre (NIC) Print at: 10/11/2025 2:03 pm

about:blank 1/3



# आमने-सामने भिड़े बाइक सवार हुए घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के ससुर खदेरी नदी पुल के पहले 2 बाइक सवार आमने सामने टकरा गए जिससे एक युवक गंभीर घायल हो गया वहीं दूसरी बाइक सवार मामूली घायल बताए जाते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक शुभम् पुत्र स्व .रमेश निवासी अटसराय अपाचे बाइक से अझुवा की तरफ आ रहा था दूसरा बाइक सवार खासमऊ खागा फतेहपुर निवासी नितिन कुमार पुत्र धनराज व अझुवा वार्ड 7 मौलाना आजाद नगर निवासी प्रिंस पुत्र राकेश के साथ कानपुर प्रयागराज मार्ग से सैनी जा रहा था ।ससुर खदेरी नदी पुल के पहले दोनों बाइक सवार आमने सामने टकरा गए जिससे शुभम् को सिर में गहरी चोट आई एवं दूसरे बाइक सवार भी मामूली घायल हो गए सूचना पर पहुंचे शुभम् के परिजन सिराथू क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया है वहीं। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## सम्पादकीय

### वंदे मातरम को विभाजित कर पंडित नेहरू ने देश विभाजन के बीज बो दिये थे

**वंदे मातरम्, यह** केवल एक गीत नहीं, यह भारत की आत्मा है। यह वह पुकार थी जिसने गुलामी की बेड़ियाँ तोड़ीं, यह वह मंत्र था जिसने अनगिनत क्रांतिकारियों को शहादत की राह पर भेजा। यह उस भारत माता का जयगान है, जिसने अपने बेटों को आजादी की ज्योति दी। लेकिन दुर्भाग्य देखिए, उसी ह्लवंदे मातरम्ह्व को, जिसे गाते हुए लाखों लोगों ने फाँसी के फंदे को चूमा, उसे 1937 में ह्लखंडितह्व कर दिया गया था और यह किया गया था पंडित जवाहरलाल नेहरू के आदेश पर, सिर्फ. और सिर्फ. जिन्ना को खुश करने के लिए। यह था भारत के इतिहास का सबसे बड़ा आत्मघाती तुष्टिकरण।

बताया जाता है कि 1937 में जब जिन्ना ने कहा कि ह्लवंदे मातरम् मुसलमानों को चुभता है,ह्व तब कांग्रेस के तत्कालीन नेता जवाहरलाल नेहरू झुक गए थे। उन्होंने राष्ट्रगीत के तीन पैराग्राफ को हटा दिया था। यह पैराग्राफ माँ भारती की महिमा, शक्ति और वैभव का वर्णन करते थे। तर्क दिया गया था कि ये पैराग्राफ ह्लहिंदू प्रतीकोंह्व से भरे हैं, इसलिए मुस्लिम लीग असहज है। लेकिन सवाल यह है कि क्या आजादी का आंदोलन केवल किसी एक मजहब का आंदोलन था? क्या भारत माता की वंदना किसी मजहब से टकराती है, या वह इस देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है?

नेहरू ने उस समय ह्लवंदे मातरम्ह्व गीत के शब्दों को ही नहीं काटा था, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को भी आघात पहुँचाया था। देखा जाये तो उसी क्षण भारत की राजनीति में ह्लतुष्टिकरणह्व का बीज बोया गया, जो आगे चलकर विभाजन के रक्तरंजित पेड़ के रूप में पनपा। प्रधानमंत्री मोदी ने आज ठीक यही बात दोहराई कि ह्लवंदे मातरम् का विभाजन ही देश के विभाजन का बीज था।ह्व जब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ह्लवंदे मातरम् के टुकड़े किए गए, उसकी आत्मा को तोड़ा गया,ह्व तो यह केवल इतिहास की पुनर्स्मृति नहीं थी, यह उन सभी राजनैतिक शक्तियों को सीधा संदेश था जो आज भी उसी विभाजनकारी मानसिकता को ढो रही हैं। मोदी का यह वक्तव्य एक राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक घोषणापत्र था– कि भारत अब आत्मगौरव से समझौता नहीं करेगा।

देखा जाये तो आज की कांग्रेस वही गलती दोहरा रही है। राहुल गांधी खुले मंचों पर ह्लवंदे मातरम्ह्व को एक लाइन में सीमित करने की बात करते हैं। यह वही मानसिकता है जिसने कभी जिन्ना को मनाने के लिए भारत की आत्मा को चोट पहुँचाई थी। प्रधानमंत्री मोदी का आज का बयान इस राष्ट्र को याद दिलाने के लिए था कि अगर हम अपनी जड़ों से शमाएँगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी।

इसके साथ ही यह भी दुखद है कि आज भी कुछ मुस्लिम नेता ह्लवंदे मातरम्ह्व को इस्लाम-विरोधी कहकर इसका विरोध करते हैं। अक्टक्ट के नेता खुलेआम कहते हैं कि ह्लबंदूक की नली पर भी वंदे मातरम् नहीं बोलेंगे।ह्व सवाल उठता है कि क्या यह आस्था का सवाल है।

# भारत रत्न आडवाणी ने राजनीति को नई दिशा और मतदाताओं को मजबूत विकल्प दिया

**नीरज कुमार दुबे ।**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और लालकृष्ण आडवाणी को आज उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उन्हें एक महान दृष्टिकोण वाला राजनेता बताया। हम आपको बता दें कि

राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को एक मजबूत ताकत के रूप में उभारने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी आज 98 वर्ष के हो गए। भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित आडवाणी ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। लालकृष्ण आडवाणी का जीवन भारतीय लोकतंत्र के एक ऐसे युग का साक्षी है, जिसमें कांग्रेस की एकाधिकारवादी राजनीति को पहली बार वैकल्पिक चुनौती मिली।

अविभाजित भारत के कराची में 8 नवंबर 1927 को जन्मे आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपना सार्वजनिक जीवन आरंभ किया। यह पृष्ठभूमि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व का आधार बनी यानि अनुशासन, संगठन और राष्ट्रनिष्ठा का त्रिवेणी संगम। आडवाणी का जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का सफर, किसी राजनीतिक दल की कहानी भर नहीं है; यह उस विचार का प्रस्फुटन है जो यह कहता है कि लोकतंत्र में केवल एक पार्टी का वर्चस्व स्थायी नहीं रह सकता। आडवाणी ने इस सत्य को समझा, जिया और उसे जनांदोलन का रूप दिया।


स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति लम्बे समय तक कांग्रेस के प्रभाव में रही। विपक्ष बिखरा हुआ और असंगठित था। ऐसे समय में आडवाणी ने संगठन के महत्त्व को पहचाना। उन्होंने न केवल भाजपा को संगठित ढाँचा दिया, बल्कि उसे वैचारिक दृढ़ता भी प्रदान की। उनकी रथयात्रा न केवल भाजपा को जनभावनाओं के केंद्र में लायी बल्कि देश के राजनीतिक विमर्श को ही बदल दिया। जनता को यह विश्वास हुआ कि सत्ता परिवर्तन अब असंभव नहीं है। आडवाणी ने लोकतंत्र को जीवंत प्रतिस्पर्धा का रूप दिया। उन्होंने दिखाया कि विपक्ष केवल आलोचना तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि उसे विकल्प बनना चाहिए– विचार का, नेतृत्व का और नीति का। यही उनके जीवन का सबसे बड़ा योगदान रहा।

आडवाणी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने संगठन को व्यक्ति से ऊपर रखा। उन्होंने नेतृत्व के भीतर सामूहिकता की भावना को पल्लवित किया। भाजपा के विस्तार में उनका योगदान केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक भी है। उन्होंने राष्ट्रीय चेतना को आधुनिक लोकतांत्रिक विमर्श से जोड़ा। आपातकाल के दौरान उनका संघर्ष लोकतंत्र की मयार्दा का प्रतीक रहा। जब कई लोग सत्ता के भय में मौन थे, तब आडवाणी ने असहमति को देशभक्ति का रूप दिया। यही साहस आगे चलकर भाजपा के चरित्र का हिस्सा बना।

आडवाणी की राजनीति में केवल संघर्ष नहीं, समावेश भी था। जब वह उपप्रधानमंत्री बने, तब भाजपा ने पहली बार बहुदलीय गठबंधन के रूप में सत्ता संभाली। यह भारतीय राजनीति के परिपक्व होने का संकेत था।

उन्होंने दिखाया कि राष्ट्रीय हित में मतभेद भी सहयोग में बदल सकते हैं। गठबंधन-राजनीति की यह परंपरा भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता की एक बड़ी गारंटी बनी।

यह भी सही है कि आडवाणी का राजनीतिक जीवन विवादों से अछूता नहीं रहा। अयोध्या आंदोलन ने उन्हें जहां अपार जनसमर्थन दिलाया, वहीं आलोचना का भी केंद्र बनाया। किंतु यही लोकतंत्र की खूबसूरती है– जहाँ विचारों की विविधता को भी इतिहास दर्ज करता है। आडवाणी की सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि उन्होंने



विवाद से विमर्श की दिशा निकाली। वह संवाद को टकराव से ऊपर मानते हैं। आज भारतीय लोकतंत्र में भाजपा के रूप में जो सशक्त वैकल्पिक शक्ति खड़ी है, उसकी नींव एक तरह से आडवाणी ने ही रखी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं, बल्कि वैचारिक प्रतिस्पर्धा का उत्सव है। उनकी राजनीति ने जनसंघ से भाजपा तक एक ऐसी यात्रा तय की जिसमें विचार, संगठन और जनविश्वास एक सूत्र में बंधे।

देखा जाये तो राजनीति में कुछ ही ऐसे नेता होते हैं, जिनके कार्य और दृष्टि केवल किसी दल को नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्रीय विमर्श को नई दिशा देते हैं। लालकृष्ण आडवाणी निस्संदेह उन विरले नेताओं में हैं जिन्होंने न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को संगठनात्मक रूप से सशक्त किया, बल्कि हिंदुत्व की सांस्कृतिक चेतना को राजनीतिक अभिव्यक्ति में बदलने का ऐतिहासिक कार्य भी किया। उनके नेतृत्व में जन्मा और विस्तृत हुआ राम मंदिर आंदोलन, आधुनिक भारत के सबसे बड़े और दीर्घकालिक जनआंदोलनों में से एक माना जाता है। खास बात यह रही कि राम मंदिर आंदोलन अपने लक्ष्य में सफल भी रहा क्योंकि श्रीरामजन्मभूमि पर ही भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ।

देखा जाये तो आडवाणी का राजनीतिक दृष्टिकोण केवल चुनावी गणित तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय समाज की गहराइयों में विद्यमान सांस्कृतिक अस्मिता को राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का मुद्दा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया। आडवाणी ने इसे राष्ट्र की आत्मा से जोड़ा और इसे ह्लराष्ट्रीय गौरव का प्रश्नह्व कहा। उनकी 1990 की ऐतिहासिक राम रथ यात्रा जो सोमनाथ से अयोध्या तक चली, उसने हिंदू समाज को आत्म-स्वर देने का कार्य किया। यह यात्रा मात्र राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक मानस को आंदोलित करने वाली यात्रा थी। जहां भी रथ पहुँचा, वहां लाखों की भीड़ एक विचार से जुड़ने लगी– ह्लराम हमारे हैं, राम राष्ट्र के हैं।ह्व यही वह बिंदु था जिसने भाजपा को विचार की पार्टी से जनांदोलन की पार्टी बना दिया।

साथ ही 1980 के दशक में भाजपा जब अपने आरंभिक चरण में थी, तब वह महज दो सीटों तक सीमित रह गई थी। ऐसे कठिन समय में आडवाणी ने पार्टी को सिद्धांतों से जोड़े रखने और संगठन को विस्तार देने की दोहरी भूमिका निभाई। उन्होंने जनसंघ की अनुशासन परंपरा को आगे बढ़ाया और पार्टी में विचारधारा को प्राथमिकता देने का संस्कार विकसित किया। भाजपा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सांगठनिक संरचना को नई ऊंचाई दी और बूथ स्तर तक कार्यकर्ता नेटवर्क को मजबूत किया, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को सक्रिय किया और विचार-विस्तार के लिए ह्लपार्टी विद ए डिफरेंसह्व की अवधारणा दी। यही संगठनात्मक शक्ति बाद में भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति का केंद्रीय स्तंभ बना गई।

आडवाणी ने हिंदुत्व को कभी धार्मिक अवधारणा के रूप में नहीं देखा। उन्होंने इसे ह्लराष्ट्रीय पहचान का सांस्कृतिक बोधह्व कहा यानि एक ऐसी चेतना जो भारतीयता को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने तर्क दिया कि हिंदुत्व भारत के जीवन-मूल्यों का प्रतीक है, जो सहिष्णुता, समरसता और आध्यात्मिकता का संगम है। यही दृष्टिकोण उन्हें एक सांस्कृतिक राजनेता के रूप में अलग करता है। उन्होंने ह्लसकारात्मक राष्ट्रवादह्व की अवधारणा प्रस्तुत की, जो किसी के विरोध पर नहीं, बल्कि अपने गौरव के पुनर्स्थापन पर आधारित थी। आडवाणी की राम रथ यात्रा, स्वर्ण जयंती यात्रा और भारत गौरव यात्रा सिर्फ राजनीतिक आयोजन नहीं थीं। वे संवाद के साधन थे, जिनसे भाजपा ने जनता के बीच अपनी वैचारिक उपस्थिति दर्ज कराई। इन यात्राओं ने भाजपा को उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक एक अखिल भारतीय पार्टी के रूप में स्थापित किया। 1990 की रथ यात्रा ने जहां भाजपा को एक सांस्कृतिक मिशन दिया, वहीं 1997 की स्वर्ण जयंती यात्रा ने पार्टी को प्रशासनिक और शासन के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। यह यात्रा-संस्कृति आज भी भाजपा की जनसंपर्क परंपरा में दिखाई देती है।

# महिलाओं को न्याय और सहायता दिलाने की पहल, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समिति बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जनपद** भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की संयुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत दुष्कर्म, एसिड अटैक, पॉक्सो एक्ट और दहेज हत्या जैसी घटनाओं की शिकार महिलाओं और बच्चियों को



आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। इस योजना में पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को इलाज, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत पीड़ितों को 01 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है। इसका उद्देश्य उन्हें शिक्षा जारी रखने, रोजगार स्थापित करने और एक नई जिंदगी शुरू करने में मदद करना है। बैठक में कुल 91 लम्बित प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने 14 प्रकरणों में एफआईआर, चार्जशीट और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को क्षतिपूर्ति की स्वीकृति प्रदान की। शेष प्रकरणों में चार्जशीट और एफएसएल रिपोर्ट न होने के कारण मामलों को अगली बैठक के लिए स्थगित कर दिया गया। नोडल पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे 05 दिन के भीतर लंबित एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त करें। इससे पीड़ितों को जल्द क्षतिपूर्ति दी जा सकेगी। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश किया गया कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से किसी भी स्तर पर लंबित न रहे। यदि किसी प्रकरण को अनावश्यक रूप से अधिक समय तक लंबित रखा जाता है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में कुवंर वीरेन्द्र मौर्या अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), रमेश चन्द्र ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 नीलिमा धवन नोडल मेडिकल अधिकारी,शत्रुघ्न कन्नौजिया जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर थाना सहित जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर हेल्प डेस्क के पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर की गई समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही । अभिमन्यु** मांगलिक,पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही द्वारा , शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही व क्षेत्राधिकारीगण के साथ जनपद के साइबर थाना व सभी थानों के साइबर हेल्प डेक्स पर नियुक्त सभी अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ पुलिस लाइन सभागार में मीटिंग कर कार्यों की समीक्षा की गई। जनपद में हो रहे साइबर फ्रॉड के



संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति के साथ साईबर फ्राड हो जाता है तो सबसे पहले पीड़ित व्यक्ति के खाते को होल्ड कराये तत्पश्चात बैंक या अन्य संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर प्रार्थना पत्र का शत प्रतिशत निस्तारण के लिए दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

## मुख्यालय की जमीन पर दुकानों व मकानों का अतिक्रमण, जिलाधिकारी ने दिये तत्काल हटाने के निर्देश

**भदोही । जिला** मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित मुकदमों का स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित निस्तारण के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने पूर्वाह्न में जनपद न्यायालय समीप रास्ते पर दुकानदारों द्वारा मुख्यालय की जमीन पर किए गए अतिक्रमण का अवलोकन किया।



अतिक्रमण कर्ता राजेश कुमार, बलवन्ता, शिवशंकर आशीष कुमार, फुलचन्द, अनुप कुमार, तेजई, गजराज, राजबहादुर, राजू प्रसाद, अमृत लाल, छविराज, मेवालाल, भोलानाथ, श्यामलाल, पवन कुमार, द्वारिका द्वारा किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने ज्ञानपुर एसडीएम व तहसीलदार को दिया। निरीक्षण के दौरान लोगों द्वारा बताया गया कि शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, लेखपाल व तहसीलदार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारे संज्ञान में ये मामला नही है। जबकि भूमि मुख्यालय के नाम पर दर्ज है, तहसीलदार को बार-बार निर्देश दिये जाने के बाद भी धारा-67 की कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त नही किया गया है।

# मण्डलायुक्त ने मण्डी समिति गोपीगंज मे पहुंचकर धान क्रय केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण, उपस्थित किसान से की वार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । मण्डलायुक्त** विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश गोपीगंज मंडी स्थित खाद्य विभाग के 02 एवं भारतीय खाद्य निगम के 01 धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया।

मण्डलायुक्त के निरीक्षण के समय धान क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी आरती शुक्ला उपस्थित रही। केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर 1600 मी. टन धान खरीद लक्ष्य के सापेक्ष 84 कुन्तल धान की खरीद अब तक किया गया है। मौके पर कृषक रमाशंकर यादव ग्राम कंसापुर के



धान का तौल केन्द्र पर कराया जा रहा था मण्डलायुक्त ने कृषक रमाशंकर से वार्ता कर केन्द्र पर किसानो के लिए दी जा रही सुविधाओ के बारे मे वार्ता की उनके द्वारा बताया गया कि धान को बेचने पर केन्द्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है उनके द्वारा 52 कुन्तल धान लाया गया है जिसकी तौल की जा रही है। तत्पश्चात शान्ती देवी ग्राम कंसापुर का भी धान 11 कुन्तल केन्द्र पर बेचने के लिए लाया गया है।

मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि धान क्रय नीति का अनुपालन कर जनपद में धान क्रय किया जाये। किसी भी दशा में कृषको को क्रय केंद्र से वापस न किया जाये। बिचैलियों से खरीद किये जाने की जानकारी होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसानो से सम्पर्क कर धान क्रय में प्रगति लायी जाए। कृषको के पंजीकरण में भी प्रगति लाये एंव संबंधित तहसील से सत्यापन भी तत्काल कराया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रो का सतत निरीक्षण नोडल अधिकारियों से कराया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एंव समर्थन मूल्य रु 2369/- प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त को अवगत गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्नगर्त धान खरीद हेतु जिले में कुल 30 क्रय केंद्र संचालित है जिसमे 15 खाद्य विपणन के, 14 पीसीएफ के तथा 01 भारतीय खाद्य निगम का धान क्रय केंद्र संचालित है।

# मेडिकल पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम

**उमेश चतुर्वेदी ।**

**हिंदी** समेत भारतीय भाषाओं में डॉक्टर बोल-बतिया सकते हैं, मरीजों की तकलीफ की जानकारी भी ले सकते हैं, लेकिन उनके सामने जब इलाज, टेस्ट और दवा सुझाने की बारी आती है तो अंदर की अंग्रेजी स्वाभाविक रूप से उभर आती है। अंग्रेजी भी वैसी नहीं, अक्षर घसेटू। कुछ डॉक्टरों की पर्चियां तो ऐसी होती हैं, जिन्हें अनुभवी फार्मासिस्ट और पैथोलॉजिस्ट भी पढ़ पाने में नाकाम रहता है। लेकिन यह स्थिति बदलने जा रही है। अब डॉक्टरों को हिंदी में भी पर्चा लिखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



देश के सबसे बड़े, बेहतरीन अस्पताल और मेडिकल कॉलेज ह्लअखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्सह्व ने इस दिशा में कदम उठाया है। उसने डॉक्टरों से कहा है कि हिंदी में भी पर्चा लिखें। इतना ही नहीं, वह जरूरत के हिसाब से मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने की ओर भी आगे बढ़ रहा है। एम्स की यह पहल स्वास्थ्य मंत्रालय के एक आदेश का नतीजा है। जिसमें मंत्रालय ने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे धीरे-धीरे हिंदी में कामकाज शुरू करें। इस आदेश के बाद एम्स के हिंदी अनुभाग ने अपने सभी विभागों के कामकाज में हिंदी के उपयोग की शुरूआत करने को लेकर चिट्ठी लिखी है। इसमें सिर्फ डॉक्टरों के हिंदी में पर्चे लिखने की ही बात नहीं है, बल्कि अंदरूनी फाइलों की नोटिंग, आपसी पत्राचार और दस्तावेजों में भी हिंदी का उपयोग बढ़ाने की बात कही गई है।

आज औपचारिक जीवन में अंग्रेजी के जारी वर्चस्व की पृष्ठभूमि अंग्रेजी माध्यम के जरिए औपचारिक पढ़ाई की 1860 में हुई शुरूआत है। जिसका मकसद सिर्फ भारत में अंग्रेजी जानने वाले बाबुओं को तैयार करना ही नहीं, बल्कि देसी ह्लमानसह्व को अंग्रेजी मानस में परिवर्तित करना भी था। अंग्रेजों की यह कोशिश सफल रही। जिसका असर आज भी न्याय, प्रशासन, इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे क्षेत्रों में दिखता है। और तो और, भाषायी माध्यम वाली बौद्धिकता को भी अपने यहां वैसी प्रतिष्ठा हासिल नहीं है, जैसी अंग्रेजी माध्यम वाले बौद्धिकों की है। नीति निर्माण में अब भी उसी नौकरशाही का दखल ज्यादा है, जो अंग्रेजी माध्यम में पढ़ी-लिखी है। हालांकि प्रशासन आदि में धीरे-धीरे ही सही, हिंदी समेत भारतीय भाषाओं का दखल बढ़ रहा है। लेकिन उच्च न्यायपालिका, मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में अब भी इस दिशा में आगे बढ़ने को लेकर हिचक दिखती है। अंग्रेजी माध्यम के वर्चस्व को देखते हुए अरसे से मांग रही है कि जिसे न्याय दिया जा रहा है, उसे पता होना चाहिए कि न्याय हो भी रहा है या नहीं, न्यायिक कार्यवाही सही तरीके से चल रही है या नहीं। इसी तरह चिकित्सा क्षेत्र में भी तर्क दिया जाता रहा है कि मरीज को यह जानने का अधिकार है कि उसका किस रोग का इलाज हो रहा है, उसका कौन-सा टेस्ट कराया जा रहा है और उसे कौन-सी दवा दी जा रही है? भले ही उच्च न्यायपालिका में न्याय और न्यायिक कार्यवाही में अब भी भारतीय भाषाओं एवं हिंदी की भूमिका को सहज स्वीकार्यता नहीं मिल पाई हो। लेकिन अब मेडिकल की दुनिया में भारतीय भाषाओं और हिंदी की भूमिका बढ़ने की पीठिका तैयार हो गई है। न्याय में भारतीय भाषाओं की दखल बढ़ाने को लेकर टालमटोल करती रही न्यायपालिका मानने लगी है कि मरीजों को उसके इलाज आदि को जानने का हक संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिला हुआ है। न्यायपालिका ने मरीजों के इस हक को बीते तीस अगस्त को स्वीकार किया। इसी दिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने डॉक्टरों द्वारा लिखे पर्चे को साफ और स्पष्ट होने का निर्देश दिया था। अदालत ने तब कहा था कि सभी मेडिकल पर्चे और जांच रिपोर्ट साफ अक्षरों में लिखी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा था कि सरकारी और निजी अस्पतालों-दोनों को यह व्यवस्था लागू करना चाहिए। अदालत ने यहां तक कहा था कि डॉक्टरी पर्चे कैपिटल अक्षरों में या टाइप या डिजिटल रूप में होने चाहिए। अदालत ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग यानी एनएमसी से भी कहा था कि वह मेडिकल कॉलेजों में छात्रों को साफ लिखावट अपनाने के लिए प्रेरित करे। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब तक कंप्यूटर से पर्ची लिखने की व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक सभी डॉक्टर कैपिटल अक्षरों में ही पर्चे लिखें। इस अदालती आदेश के संदर्भ में कह सकते हैं कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नये फैसले को एम्स द्वारा अमल करना मरीजों के हक की दिशा में बड़ा कदम है। इससे भारतीय भाषाओं को प्रशासन, न्याय और इलाज का माध्यम बनाने की कोशिशें परवान चढ़ेंगी। इससे भारतीय भाषाओं को मजबूती भी मिलेगी। इसी आदेश के आलोक में, एम्स अपने यहां मेडिकल की पढ़ाई भी हिंदी माध्यम में कराने की तैयारी में है। ध्यातव्य है कि कई राज्यों में बारहवीं तक परीक्षा और पढ़ाई का माध्यम हिंदी या भारतीय भाषाएं ही हैं। इन माध्यमों के मेधावी छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए चुने जाते रहे हैं, मेडिकल में पहुंचते ही अचानक से उनका पल्ला अंग्रेजी माध्यम से पड़ जाता है। उनके सामने अचानक आया अंग्रेजी माध्यम उन पर दबाव बढ़ा देता है। इस दबाव में कई प्रतिभाएं असमय ही मौत का रास्ता अख्तियार करती रही हैं। इसी संदर्भ में अरसे से मांग होती रही है कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में हिंदी माध्यम भी होना चाहिए। चूंकि मौजूदा केंद्र सरकार और उसकी वैचारिकी भारतीय भाषाओं की पक्षधर है। वैसे समाजवादी आंदोलन और उसके प्रेरणा पुरूष डॉ राममनोहर लोहिया भी हिंदी के पक्षधर रहे हैं। अतीत में केंद्र और कई राज्यों में समाजवादी सरकारें रहीं।

लेकिन उन्होंने कभी इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किया। इस संदर्भ को देखते हुए भारतीय भाषाओं के समर्थक मौजूदा केंद्र और बीजेपी शासित राज्य सरकारों के आभारी हो सकते हैं ।

# सीतापुर से मानिकपुर तक ऑपरेशन गांजा क्लीन- 17 किलो गांजा के साथ 7 गिरफ्तार

- महिला तस्कर भी पुलिस के शिकंजे में
- बांदा व हमीरपुर जुड़े है तार

**अखंड भारत संदेश**



मानिकपुर पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**चित्रकूट।** जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर चल रहे अभियान ने रविवार को बड़ा रंग दिखाया। जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई कार्रवाई में कुल 17 किलो से अधिक सूखा गांजा बरामद कर सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इन कार्रवाइयों ने नशे के धंधे से जुड़े गिरोहों में हड़कंप मचा दिया है। पहली कार्रवाई चौकी सीतापुर पुलिस ने की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्यामप्रताप पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी यदुवीर सिंह व उनकी टीम ने बदौसा (बांदा) निवासी शारदा प्रसाद उर्फ गोलू पुत्र सभानारायण गुप्ता को पकड़ा। आरोपी के पास से एक काले पिट्ठू बैग में 5 किलो 158 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया। टीम में सिपाही अनुज सिंह, आशीष सिंह, रविंद्र राठौर और महिला सिपाही काजल यादव शामिल रहे। दूसरी ओर, थाना मानिकपुर पुलिस ने दारोगा गौरव तिवारी के नेतृत्व में चार आरोपियों- अंशुल अनुरागी, भरत कुमार, कलावती और रामदेवी को दबोचा। उनके कब्जे से 12 किलो सूखा गांजा चार बैगों में बरामद हुआ। सभी आरोपी हमीरपुर जनपद के रहने वाले बताए गए हैं। टीम में दारोगा हरी सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप देव और कांस्टेबल विनोद कुमार शामिल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह और क्षेत्राधिकारी अरविंद वर्मा तथा फहद अली की निगरानी में हुई इन संयुक्त कार्रवाइयों ने साबित कर दिया कि चित्रकूट पुलिस नशे के खिलाफ युद्धस्तर पर अभियान चला रही है। ऑपरेशन गांजा क्लीन की इस दोहरी सफलता ने जिले के मादक तस्करों की नींद उड़ा दी है।

# 43 करोड़ ट्रेजरी घोटाले में अधिवक्ता क्रांति की दहाड़- हाईकोर्ट से मिली राहत, सरकारी पक्ष तलब

- ट्रेजरी घोटाले केस में बड़ा मोड़
- भ्रष्टाचार की आड़ में फंसे निर्दोष

**अखंड भारत संदेश**


अधिवक्ता क्रांति किरण पाण्डेय

**चित्रकूट।** 43 करोड़ रुपये के चर्चित ट्रेजरी घोटाले से जुड़े कुछेक पेंशनर्स के मुकदमे की सुनवाई सोमवार को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में हुई, जिसने पूरे जिले में हलचल मचा दी। इस मामले में पेंशनर्स अवधेश प्रताप सिंह, मोहनिया, सरला देवी, अमित कुमार मिश्रा, अजय कुमार और कृष्ण किशोर त्रिपाठी प्रमुख रूप से शामिल रहे। सबसे बड़ा आकर्षण रहा- युवा अधिवक्ता क्रांति किरण पांडेय की जोरदार पैरवी, जिन्होंने अपने तर्कों से अदालत का ध्यान खींच लिया। जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा एवं जस्टिस अचल सचदेव की डिवीजन बेंच के समक्ष अधिवक्ता क्रांति ने दलील दी कि एफआईआर घटना के 7-8 वर्ष बाद दर्ज की गई, जबकि हर साल ट्रेजरी की जांच बाहरी टीम द्वारा की जाती रही है। याची कृष्ण किशोर त्रिपाठी के खाते में गलत राशि भेजी गई, जिसका उन्होंने न केवल विरोध किया बल्कि रकम वापस भी जमा कर दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि याची के खिलाफ किसी अन्य थाने में कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं है। क्रांति किरण पांडेय की तर्कसंगत बहस के बाद अदालत ने सरकारी वकील से जांच आख्या तलब करते हुए अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। यह आदेश न केवल याची के लिए बड़ी राहत साबित हुआ, बल्कि अधिवक्ता क्रांति की कानूनी कुशलता और निर्भीकता का प्रमाण भी बन गया। चित्रकूट की कानूनी दुनिया में अब कहा जा रहा है-जहां क्रांति की दलील, वहां न्याय की मंजिल।

# ई-रिक्शा बैटरी चोरों की मंडली गल्ला मंडी से गिरफ्तार- 300 रुपए नकद बरामद

- 6 हजार में बेंची थी चोरी की बैटरी
- सीसीटीवी में फंसे चोर

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में बैटरी चोरी के आरोपी

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा बैटरी चोरी करने वाले चार शातिर चोरों और चोरी की बैटरी खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर शहर में सनसनी फैला दी है। पुलिस की इस मुहिम में पुलिस ने न सिर्फ चोरी का खुलासा किया, बल्कि दो अदद चोरी की बैटरियां और 300 रुपये नकद भी बरामद किए। घटना 28 अक्टूबर की रात की है, जब वादी बबलू साहू का लॉक किया गया ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। आधी रात को छोटू, दीपक, देवा और राजकिशोर निषाद नाम के चारों चोरों ने बैटरी निकाल ली, जिसकी हरकतें सीसीटीवी में कैद हो गईं। मामले में मुकदमा दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल की टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो सभी के चेहरे साफ नजर आ गए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चारों को गल्ला मंडी कर्वी से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बैटरी भोला निषाद नामक व्यक्ति को छह हजार रुपये में बेच दी थी। पुलिस ने जब भोला के ई-रिक्शा की जांच की तो वही बैटरियां बरामद हुईं जिनके सीरियल नंबर वादी की पर्ची से मिले। चोरी की बैटरी की कोई रसीद न दिखा पाने पर भोला को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई में दारोगा संत प्रसाद, अंशुल कुमार, आरक्षी शिवपूजन और सजीव सोनी की टीम शामिल रही।

## स्वदेशी ही समाधान- ठेंगड़ी जयंती पर चित्रकूट ने लिया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

**चित्रकूट।** स्वावलंबी भारत का यही विकल्प, स्वदेशी संकल्प- इसी ध्येय के साथ सोमवार को राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी की 105वीं जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच ने चित्रकूट में स्वदेशी संकल्प दिवस मनाया। प्रयागराज रोड स्थित पूर्वी जन सेवा केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सह संयोजक प्रकाश चतुर्वेदी ने भारत माता व ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संचालन एडवोकेट शशिकांत पांडेय व राजेश पांडेय ने किया। वक्ताओं ने कहा कि ठेंगड़ी जी ने स्वदेशी विचार को संगठन का स्वरूप दिया। कार्यक्रम में जिलेभर से कार्यकताओं ने भाग लिया और जय स्वदेशी, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दोहराया।

# चित्रकूट के नौनिहालों ने किया कमाल- गणित ओलंपियाड में चमके मानिकपुर के सितारे

- जिले के नौनिहालों ने रचा इतिहास
- डायट शिवरामपुर में गूंजा गौरव


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते डायट प्राचार्य

**शिवरामपुर (चित्रकूट)।** जहां अंकों की बाजीगरी होती है, वहीं से निकलते हैं भविष्य के नये वैज्ञानिक- यही तस्वीर देखने को मिली जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर चित्रकूट में आयोजित जनपद स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता-2025 में। 13 अक्टूबर को हुई इस प्रतियोगिता ने गणित के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को सामने लाकर पूरे जनपद का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। विद्यालय, ब्लॉक और जनपद- तीनों स्तरों से गुजरने के बाद अंतिम राउंड में 35 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परिणामों में आदित्य कुमार, धनंजय कुमार, और कृष्ण गोपाल मिश्रा ने 30 में से 28 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। वहीं देवान सिंह और सचिन निषाद ने 27 अंकों के साथ अपना परचम लहराया। वहीं 10 नवम्बर को आयोजित सम्मान समारोह में डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, मेडल, ज्योमेट्री बॉक्स और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गणित जैसा कठिन विषय भी इन बच्चों के लिए खेल साबित हुआ है ये बच्चे चित्रकूट की नई शैक्षिक पहचान हैं। कार्यक्रम के नोडल प्रवक्ता हेम सिंह ने सभी प्रतिभागियों का परिणाम घोषित किया और उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। डायट परिसर तालियों की गूंज और उपलब्धि के उत्साह से देर तक गूंजता रहा- यह सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, चित्रकूट के शैक्षिक आत्मविश्वास का उत्सव बन गया।

## 613 किलोमीटर लंबी नहरों में चलेगा 30 नवम्बर तक सफाई अभियान, नहरें होंगी निर्मल

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी के निर्देशन में सिंचाई विभाग ने चित्रकूट की नहरों को पुनर्जीवित करने का बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। जनपद में कुल 138 नहरें कार्यशील हैं, जिनकी कुल लंबाई 613.718 किलोमीटर है। प्रशासन ने लक्ष्य तय किया है कि इन नहरों में जमा सिल्ट की सफाई कर किसानों के खेतों तक पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अब तक सिंचाई प्रखण्ड प्रथम, कर्वी में 170.700 किमी तथा सिंचाई निर्माण खण्ड, कर्वी में 8.500 किमी सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 नवम्बर 2025 तक शेष नहरों की सिल्ट सफाई पूरी कर ली जाएगी। यह अभियान न सिर्फ सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करेगा, बल्कि सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए नई उम्मीद की किरण साबित होगा।

# जिला पंचायत से लेकर विधानसभा 2027 तक- अनुप्रिया पटेल को मुख्यमंत्री बनाकर रचेंगे इतिहास

**अखंड भारत संदेश**



पार्टी की मासिक बैठक में मौजूद अपना दल कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** विधानसभा कर्वी में रविवार को ग्राम नांदी तौरा हनुमान मंदिर परिसर राजनीति का अखाड़ा बना रहा, जहां पार्टी कार्यकताओं की भीड़ और नारों की गूंज ने आने वाले चुनावी मौसम का तापमान पहले ही बढ़ा दिया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह के नेतृत्व में हुआ। मंच पर पार्टी के कद्दावर चेहरे जब्बर सिंह, विनोद पटेल, राजेश फौजी, अशोक सिंह, संजय खंगार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में स्पष्ट संदेश गूंजा कि अब नेता नहीं, नेतृत्व चाहिए। कार्यकताओं ने माना कि अब पार्टी को केवल जीत नहीं, बल्कि सत्ता तक पहुंचने की ठोस रणनीति चाहिए। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के सिद्धांतों और बहन अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व ने पार्टी को प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनाया है, और अब वक्त है मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाने का। जब्बर सिंह पटेल ने कहा कि अब हर बूथ पर संगठन की पकड़ मजबूत कर पंचायत चुनाव 2026 में पार्टी का झंडा लहराना होगा। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा- अब केवल सांसद-विधायक बनाने से बात नहीं बनेगी, हमें जिलापंचायत से लेकर विधानसभा 2027 तक बहन अनुप्रिया पटेल को मुख्यमंत्री बनाकर इतिहास लिखना है। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने यह भी दोहराया कि पार्टी के पास मुद्दे, संगठन और जनाधार- तीनों हैं, बस जरूरत है बूथ से लेकर सत्ता के केंद्र तक एकजुट होकर संघर्ष करने की। कर्वी से उठी यह राजनीतिक हुंकार अब सीधे लखनऊ के गलियारों तक सुनाई देने लगी है।

## चित्रकूट ने भरी विकास की उड़ान- प्रदेश में पहुंचा 15वें पायदान पर

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड और जिला अनुश्रवण पुस्तिका में विकास कार्यक्रमों की प्रगति के आधार पर जनपद चित्रकूट को अक्टूबर 2025 में प्रदेश में 15वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंक जिले की समग्र प्रगति का संकेत मानी जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी विकास विभागों को निर्देश दिया है कि इस रफ्तार को बरकरार रखते हुए चित्रकूट को प्रदेश के शीर्ष जिलों में शामिल करने के लिए और अधिक मेहनत की जाए। उन्होंने कहा कि निरंतर निगरानी और टीम वर्क से जनपद की रैंकिंग में लगातार सुधार लाकर चित्रकूट को विकास का आदर्श जनपद बनाया जाएगा।

# चित्रकूट में धान की बंपर पैदावार- डीएम ने खेत में काटी फसल, किसानों में उत्साह


खेत में धान की क्रॉप कटिंग में मौजूद डीएम

**चित्रकूट।** सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने तहसील कर्वी के ग्राम बनकट में किसान केशव प्रसाद के खेत में धान की क्रॉप कटिंग कराई। गाटा संख्या 246 के त्रिभुजाकार खेत से 21 किलो 700 ग्राम धान निकला, जिसने जिले की कृषि समृद्धि का नया पैमाना तय कर दिया। अपर सांख्यिकी अधिकारी के अनुसार जनपद का औसत उत्पादन 50.127 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज हुआ है। इस मौके पर तहसीलदार चन्द्रकांत तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुधीर सिंह, लेखपाल राजेश वर्मा और बीमा कंपनी प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने और फसल बीमा का लाभ लेने की अपील की।

# कानून की मशाल लेकर उतरे पैरालीगल वालेण्टियर्स- विधिक सेवा दिवस पर जनजागरण

**अखंड भारत संदेश**


विधिक साक्षरता शिविर में लीगल ज्ञान देते पैरालीगल वालेण्टियर्स

**चित्रकूट।** न्याय को हर नागरिक तक पहुँचाने और विधिक चेतना को जन-जन तक फैलाने का संकल्प लेकर विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के पैरालीगल वालेण्टियर्स ने जगह-जगह विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया। यह अभियान उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं शेषमणि शुक्ला अध्यक्ष/जिला जज के निर्देशन में संचालित हुआ। पैरालीगल वालेण्टियर महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि न्याय तक समान पहुंच हर व्यक्ति का अधिकार है, और यही विधिक सेवा दिवस का मूल उद्देश्य है। गरीब, निर्धन और असहाय वर्ग को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में यह दिन नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि न्याय केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सबका समान अधिकार बने। वहीं, पैरालीगल वालेण्टियर श्रीमती ममता वर्मा ने न्यायपालिका और विधिक कर्मियों के निःस्वार्थ समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि हमें समाज के हर व्यक्ति तक न्याय की मशाल पहुँचाने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने अधिकारों को समझें, विधिक सेवाओं का लाभ उठाएं और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

## कल्पवृक्ष वाटिका की कायाकल्प कराने की काँग्रेस जिलाध्यक्ष ने की डीएम से माँग

**बांदा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी जे0 रीभा से मिला और ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा जिला अधिकारी से मांग की गई गांधी सुभाष आजाद के निकट सहयोगी रहे जनपद बांदा के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ दनादन जी की स्मृति में तत्कालीन जिला अधिकारी नगेंद्र प्रताप जी के निर्देश पर एवं राजेश कुमार एडीएम एवं डीएफओ अरविंद कुमार की देखरेख में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कल्पवृक्ष वाटिका का निर्माण कराकर क्रांतिकारी दनादन जी की स्मृति में वाटिका के अंदर जिला अधिकारी नगेंद्र प्रताप जी के कर कमल द्वारा कल्पवृक्ष रोपित किया गया था वाटिका के अंदर कच्चा फर्श है बारिश के मौसम में काफी पैमाने पर घास उगती है एवं अंदर फर्श कीचड़ युक्त हो जाता है जिसकी इंटरलॉकिंग कराकर फर्श को पक्का कराया जाना नितांत आवश्यक है साथ ही वाटिका के अंदर महापुरुषों के साथ-साथ क्रांतिकारियों के चित्र लगे हुए हैं शाम होते ही वाटिका के अंदर अंधेरा हो जाता है प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाए उन्होंने मांग की है की अतिशीघ्र वाटिका के अंदर इंटरलॉकिंग के साथ-साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराई जाए प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महा परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ संजय द्विवेदी दनादन व मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट भी साथ रहे।

# चित्रकूट को मिली 1255 मैट्रिक टन डीएपी खाद, सीधे बिक्री केंद्रों पर भेजी गई


आधार और खतौनी की जांच करती प्रशासनिक टीम

**चित्रकूट।** रबी सीजन की तैयारी के बीच जिले में डीएपी खाद की नई खेप पहुंच चुकी है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपद को 1255 मैट्रिक टन (25,100 बोरी) डीएपी उर्वरक का आवंटन मिला है, जिसे बांदा रैक प्वाइंट से सीधे सभी सहकारी समितियों और निजी बिक्री केंद्रों को भेज दिया गया है। सोमवार को 31 केंद्रों पर डीएपी खाद का वितरण किया गया। डीएम ने कहा कि किसान भाई अपनी फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक खरीदें और मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई मात्रा के अनुसार ही प्रयोग करें। उन्होंने सभी समितियों को निर्देश दिया कि सचिव, कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त व निबंधक सहकारिता के मोबाइल नंबर, समिति का समय व रोस्टर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही सभी केंद्रों पर रेट बोर्ड और स्टॉक बोर्ड अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग ने उर्वरक वितरण की सतत निगरानी के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी निरीक्षण हेतु लगाई है, ताकि किसानों को खाद पीओएस मशीन से जोत बही के अनुसार मिल सके। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी केंद्र पर टैगिंग, ओवररेटिंग या कालाबाजारी पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों से अपील की गई कि वे अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक प्रयोग से बचें और जैविक खाद के साथ संतुलित मात्रा में डीएपी का प्रयोग कर मिट्टी व पर्यावरण का स्वास्थ्य बनाए रखें।

# भारत के सख्त इनकार के बावजूद शहबाज शरीफ ने ट्रंप को दिया संघर्ष सुलझाने का श्रेय


**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मई में हुए भारत-पाकिस्तान सीमा संघर्ष को सुलझाने के लिए एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सार्वजनिक रूप से धन्यवाद दिया है। हालांकि, भारत लगातार यह कहता रहा है कि दोनों देशों के बीच हुए समझौते में किसी तीसरे पक्ष की कोई मध्यस्थता नहीं थी।

शरीफ ने ट्रंप की तारीफ की

शरीफ ने शनिवार को बाकू में अजरबैजान की 'विक्ट्री डे परेड' को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'यह राष्ट्रपति ट्रंप की बोल्ड और निर्णायक लीडरशिप थी जिसने पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्षविराम करवाया, जिससे दक्षिण एशिया में शांति बहाल हुई, एक बड़ा युद्ध टल गया और लाखों लोगों की जान बच गई।'

10 मई को ट्रंप ने घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई लंबी रात की



बातचीत के बाद दोनों देश पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हुए थे। पाकिस्तान कई मौकों पर ट्रंप के इस दावे की तारीफ कर चुका है।

भारत ने मध्यस्थता से किया इंकार

भारत ने शुरू से ही इस बात से इंकार किया है कि मई में दोनों देशों के बीच तनाव खत्म करने में किसी तीसरे पक्ष का कोई दखल था। नई दिल्ली लगातार यह कहती रही है कि 10 मई को चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद, भारत और पाकिस्तान आपसी समझौते पर पहुंचे थे।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष

भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में 26 आम नागरिकों के मारे जाने के जवाब में की गई थी, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

शरीफ ने भाषण में और क्या कहा?

अपने भाषण में, शरीफ ने कश्मीर का भी जिक्र किया और कहा कि काराबाख में अजरबैजान की जीत उन सभी देशों के लिए उम्मीद की किरण है जो जुल्म के खिलाफ लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन वह किसी को भी अपनी संप्रभुता को चुनौती देने या क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने की इजाजत नहीं देगा।

# पूर्वी यूक्रेन में रूस के ड्रोन हमले में चार की मौत, 12 घायल

**यूक्रेन**

**पूर्वी यूक्रेन** तड़के एक रूसी ड्रोन एक टॉवर ब्लॉक से टकरा गया, जिस समय कई लोग सो रहे थे। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के चौथे सबसे बड़े शहर दनिप्रो में यह हमला हुआ। यह हमला देश की बिजली अवसंरचना पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों के तहत किया गया। इसमें खारकीव में एक बिजली कंपनी के एक कर्मचारी की भी मृत्यु हो गई। पूर्वी यूक्रेन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर पोकरोव्स्क के लिए लड़ाई महत्वपूर्ण स्तर पर पहुंच गई है। कीव और मॉस्को दोनों ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे युद्ध के मैदान में जीत हासिल कर सकते हैं। रूस ने कुल 458 ड्रोन और 45 मिसाइलें दागीं, जिनमें 32 बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने



बताया कि उसने 406 ड्रोन और नौ मिसाइलों को मार गिराया और निष्क्रिय कर दिया। साथ ही, 25 स्थानों पर हमले किए गए। आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, दनिप्रो की नौ मंजिला इमारत में आग लग गई और कई अपार्टमेंट तबाह हो गए। बचावकर्मियों को तीन लोगों के शव मिले और घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। अपने व्यापक आक्रमण के लगभग चार साल बाद, रूस लगभग रोजाना ड्रोन और मिसाइल से यूक्रेन पर हमला कर रहा है, जिसमें कई नागरिक मारे गए और घायल हुए हैं। राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक के अनुसार, सर्दियों से पहले मॉस्को द्वारा यूक्रेन के पावर ग्रिड को ध्वस्त करने के कारण कई क्षेत्रों में लगातार बिजली कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दावा है कि उनकी सेनाएं जीत के कगार पर हैं। शांति की एक पूर्व शर्त के रूप में, वह यूक्रेन से डोनेट्स्क और पड़ोसी लुहान्स्क से बने क्षेत्र डोनबास को सौंपने की मांग करते हैं।

# रनवे लाइट ठप, सभी उड़ानें रोकी गईं

**त्रिभुवन**

**नेपाल** के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली सभी उड़ानें रनवे लाइट में तकनीकी खराबी के बाद रोक दी गई हैं, हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया। अधिकारियों ने आगे कहा कि समस्या की पहचान और समाधान के लिए तकनीकी टीमों को तैनात किया गया है और आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सामान्य परिचालन बहाल कर दिया जाएगा।

यह घटना दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई एक बड़ी तकनीकी खराबी के कारण नेपाल के पड़ोसी देश भारत में उड़ान संचालन बाधित होने के एक दिन बाद हुई है, जिससे पूरे देश में हवाई यातायात प्रभावित हुआ। हवाईअड्डा प्राधिकारियों ने बताया कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल की उड़ान योजना प्रक्रिया के प्रमुख घटक स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) को पंगु बनाने वाली समस्या को पूरी तरह से सुलझा लिया गया है और एयरलाइन परिचालन शनिवार को सामान्य हो गया है।

इस घटना के कारण सैकड़ों उड़ानों के कार्यक्रम बाधित हुए और भारत के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर व्यापक देरी हुई।

# कैंडेस ओवेन्स का बड़ा दावा, FBI ने गढ़े चार्ली किर्क मर्डर के टेक्स्ट मैसेज?

राजनीतिक टिप्पणीकार कैंडेस ओवेन्स ने सीएनएन पत्रकार एले रीव को दिए एक इंटरव्यू में टर्निंग पॉइंट यूएसए के संस्थापक चार्ली किर्क की मौत पर चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि उन्हें नहीं लगता कि किर्क की हत्या अकेले टायलर रॉबिन्सन ने की थी, बल्कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सबूत के तौर पर टेक्स्ट मैसेज गढ़े थे।

हत्या के बारे में संदेह

ओवेन्स से जब किर्क की मौत के पीछे किसी करीबी के धोखा देने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'सबसे पहले, मुझे नहीं लगता कि टायलर रॉबिन्सन ने चार्ली किर्क को मारा। मैं इस बारे में बहुत साफ होना चाहती हूं।' हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा, 'चाहे वह इसमें शामिल था, मुझे लगता है कि इसका जवाब हां है। मुझे लगता है कि यह साफ है।'

ओवेन्स ने कथित तौर पर 'अजीब फेड मैसेज' को अपने संदेह का आधार बताया, जिनमें कोई टाइमस्टैम्प नहीं था और जो बेहद अजीब तरीके से लिखे गए थे।

'फेड्स ने मैसेज बनाए थे' जब रीव ने ओवेन्स से पूछा कि क्या उनके पास इस बात का कोई सबूत है कि मैसेज बनाए गए थे, तो ओवेन्स ने दावा किया कि उनके पास लीक हैं और बहुत मजबूत सोर्स हैं। ओवेन्स ने आरोप लगाया, 'फेड्स ने टेक्स्ट मैसेज बनाए थे,' और कहा कि डिस्कॉर्ड ने भी आकर कहा कि वे मैसेज मौजूद नहीं थे। ओवेन्स ने ऋइक



पर सबूत गढ़ने का आरोप लगाया, जिसके जवाब में रीव ने कहा कि अगर यह साबित होता है तो यह बहुत बड़ी कहानी होगी। इस पर ओवेन्स ने जवाब दिया कि वह एपस्टीन के बाद की दुनिया में जी रही हैं, जहां कहानियों को दबा दिया जाता है। किर्क और ओवेन्स के बीच बातचीत इससे पहले, ओवेन्स ने अपने पॉडकास्ट पर कहा था कि वह किर्क की मौत के बारे में सच्चाई जानने के लिए टर्निंग पॉइंट यूएसए और किर्क के आसपास मौजूद सभी लोगों के साथ युद्ध चाहती हैं। ओवेन्स ने किर्क के साथ हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए, जिसमें किर्क ने अपनी मौत की भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि वह इस क्रांति का अंत देख पाएंगे। किर्क ने ओवेन्स को लिखा था, 'मुझे विश्वास है कि आप वह इंसान थे जिससे भगवान ने मुझे मिलवाया था जो लड़ाई खत्म करेगा।'

# राष्ट्रपति मुर्मू दो देशों की राजकीय यात्रा के तहत अंगोला पहुंचीं

**अंगोला**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू अपनी छह दिवसीय राजकीय यात्रा के पहले चरण में शनिवार को अंगोला पहुंचीं जिसके बाद वह पड़ोसी देश बोत्सवाना भी जाएंगी। मुर्मू आठ नवंबर से 13 नवंबर तक राजकीय यात्रा पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इस राजकीय यात्रा को अफ्रीकी क्षेत्र में दोनों देशों के साथ सहयोग और साझेदारी के विस्तार के लिए नए रास्ते खोलने के भारत के प्रयासों का हिस्सा बताया है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन देशों की पहली राजकीय यात्रा है। अंगोला के विदेश मंत्री टेटे एंटोनियो एवं दोनों देशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने देश की राजधानी लुआंडा स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुर्मू का स्वागत किया। अगले तीन दिन राष्ट्रपति यहां उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगी।

इस दौरान वह अपने अंगोलाई समकक्ष जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी और अफ्रीकी राष्ट्र की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का अंगोला की संसद को संबोधित करने और भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करने का भी कार्यक्रम है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक



संबंध) सुधाकर दलेला ने बृहस्पतिवार को कहा था, ह्यह्यराष्ट्रपति मुर्मू आठ से 13 नवंबर तक अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की अंगोला और बोत्सवाना की पहली राजकीय यात्रा होगी।

उन्होंने कहा था, ह्यह्यभारत और अंगोला के बीच मैत्री और सहयोग के बहुत घनिष्ठ संबंध हैं जिनका विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार हो रहा है। अंगोला के साथ ऊर्जा क्षेत्र में हमारी साझेदारी जीवंत है ह्लह्ल उन्होंने कहा कि यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयाम की समीक्षा करने तथा कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, प्रौद्योगिकी, अवसंरचना विकास, रक्षा और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

सचिव ने कहा कि दोनों देश इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, ऐसे में यह यात्रा और भी महत रखती है। मुर्मू 11 नवंबर को अपनी यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगी और बोत्सवाना की राजधानी गबोरोन जाएंगी। वहां वह अपने समकक्ष ड्यूमा गिदोन बोको से मुलाकात करेंगी, राष्ट्रीय सभा को संबोधित करेंगी और ह्यप्रोजेक्ट चीताह्ल के तहत भारत में चीतों के स्थानांतरण से संबंधित एक कार्यक्रम में भाग लेंगी।

सचिव ने कहा, ह्यह्यहमें विश्वास है कि माननीय राष्ट्रपति जी की यात्रा से अंगोला और बोत्सवाना के साथ भारत के दीर्घकालिक सहयोगात्मक संबंध और मजबूत होंगे तथा हमारी साझेदारी एवं सहयोग के विस्तार के लिए नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्यजैसा कि मैंने पहले कहा था, यह अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपनी बहुमुखी साझेदारी को और मजबूत करने की भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है ह्ल इस यात्रा में राष्ट्रपति के साथ रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और लोकसभा सदस्य प्रभुभाई वसावा और डी. के. अरुणा भी हैं।

# विमानन कंपनियों ने लगातार दूसरे दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कीं

**अमेरिक**

**अमेरिकी** विमानन कंपनियों ने मुख्यतः ह्यशटडाउनह्ल (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) के कारण लगातार दूसरे दिन शनिवार को फिर से 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अगर इसी तरह उड़ानें रद्द होती रहीं तो इसका असर व्यापक होगा।

उत्तरी कैरोलाइना के चार्लोट हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह सबसे अधिक असर पड़ा और वहां दोपहर तक 130 उड़ानें रद्द कर दी गईं। अटलांटा, शिकागो, डेनवर और न्यूजर्सी के नेवार्क हवाई अड्डों पर भी व्यवधान देखा गया।

रडार केंद्रों और नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की लगातार कमी के कारण शनिवार को न्यूयॉर्क शहर के आसपास के कई पूर्वी तट हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द और विलंबित हो गईं। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने संघीय शटडाउन के बीच देशभर में उड़ानों को कम करने का आदेश दिया है। हालांकि सभी उड़ानों के रद्द होने का कारण एफएए का आदेश नहीं है। रद्द हुई उड़ानों की संख्या देश भर में कुल उड़ानों का एक छोटा सा हिस्सा है लेकिन अगर ह्यशटडाउनह्ल जारी रहा तो आने वाले दिनों में इनकी संख्या में वृद्धि होना तय है। शटडाउन के कारण घरेलू गतिविधियां तो ठप हो ही रही हैं और अब समुद्र के पार यूरोप के अन्य देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों को भी इसका असर महसूस होने लगा है।

# जापान में इवाते प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी

**जापान**

**जापान** में समुद्र में आए तेज झटकों के बाद इवाते प्रांत के लिए सुनामी अलर्ट जारी किया गया है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5:03 बजे उत्तरी प्रशांत महासागर क्षेत्र में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी जारी की है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, यह भूकंप इवाते के तट से दूर समुद्र में आया था और इसके बाद एक मीटर तक ऊंची लहरों वाली सुनामी आने की आशंका जताई गई है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, तटीय इलाकों में समुद्र की लहरों में हलचल देखी गई है, लेकिन टीवी फुटेज में समुद्र सामान्य दिखाई दे रहा है। फिर भी, प्रशासन ने लोगों से समुद्र किनारे जाने से बचने की अपील की है।



भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ठउर) ने भी इस भूकंप की पुष्टि की है। ठउर के अनुसार, यह भूकंप 6.6 तीव्रता का था और करीब 30 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। इसका केंद्र 39.51त उत्तर अक्षांश और 143.38त पूर्व देशांतर पर उत्तर प्रशांत महासागर में स्थित बताया गया है।

गौरतलब है कि जापान दुनिया के सबसे भूकंप-संवेदनशील देशों में से एक है, क्योंकि यह चार प्रमुख टेक्टोनिक प्लेटों के संगम पर स्थित है। यहां हर साल करीब 1,500 भूकंप आते हैं, जिनमें से ज्यादातर हल्के झटके होते हैं, लेकिन कुछ भूकंप बड़ी तबाही मचा देते हैं। बता दें कि इसी क्षेत्र में 2011 में भी 9.0 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था, जिसने सुनामी को जन्म दिया था। उस आपदा में करीब 18,500 लोग मारे गए या लापता हो गए थे और फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के तीन रिएक्टरों में मेल्टडाउन हो गया था। यह जापान की अब तक की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक मानी जाती है और दुनिया की सबसे गंभीर परमाणु दुर्घटनाओं में शामिल है।

फिलहाल, प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। राहत एजेंसियां संभावित नुकसान का आकलन कर रही हैं और इवाते तट के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# पाकिस्तान में 'संविधान बचाओ' आंदोलन, 27वें संशोधन पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की संसद में प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर राजनीतिक घमासान मच गया है। जहां सरकार इसे पारित करने की तैयारी में है, वहीं विपक्षी गठबंधन ने इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए इसे 'संविधान की नींव हिलाने' वाला बताया है और इसके खिलाफ रविवार से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

संशोधन में प्रमुख प्रस्ताव

प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन का उद्देश्य संविधान के कई प्रमुख हिस्सों को बदलना है, जिसमें सैन्य नेतृत्व से जुड़ा बदलाव सबसे अहम है, जिसके तहत अनुच्छेद 243 में संशोधन करके 'चेयरमैन ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी' (उखउरउ) के पद को समाप्त कर उसकी जगह 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' नामक नया पद शुरू करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, संशोधन में न्यायपालिका में बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं, जैसे एक संघीय संवैधानिक न्यायालय की स्थापना करना और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन करना, साथ ही, उच्चतम न्यायालय की शक्तियों को कम करते हुए कुछ प्राधिकारों को प्रस्तावित संवैधानिक न्यायालय में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है। इन सबके अतिरिक्त, एक विवादास्पद प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को आजीवन आपराधिक कार्यवाही से मुक्ति प्रदान करने का प्रावधान भी शामिल है।

संसदीय प्रक्रिया और सरकार की उम्मीद

इस संबंध में संसदीय प्रक्रिया चल रही है, जहां कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने शनिवार को ऊपरी सदन सीनेट में संशोधन विधेयक पेश किया है, जिसे सभापति यूसुफ रजा गिलानी ने आगे की चर्चा के लिए सदन की समिति के पास भेज दिया है। सरकार को उम्मीद है कि सोमवार को होने वाले मतदान में उसे कम से कम 64 सीनेटर का दो-तिहाई बहुमत मिल जाएगा, सीनेट से पारित होने के बाद, इसे नेशनल असेंबली में दो-तिहाई बहुमत से पास कराना होगा और अंत में इसे कानून बनने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी अनिवार्य होगी।

विपक्ष का 'संविधान बचाओ' आंदोलन

प्रस्तावित 27वें संविधान संशोधन के विरोध में, बहुदलीय विपक्षी गठबंधन तहरीक-ए-तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान ने देशव्यापी विरोध आंदोलन की घोषणा की है। इस गठबंधन में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के साथ-साथ मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन , पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी , बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल जैसी पार्टियाँ शामिल हैं। इस विरोध के दौरान, टहट



के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो गई हैं... राष्ट्र को (प्रस्तावित) 27वें संशोधन के खिलाफ कदम उठाना चाहिए।